दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...

● नई दिल्ली। मंगलवार 20 जनवरी -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 32 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3










## बीजेपी का 'नबीन' अध्याय आरंभ

### निर्विरोध भाजपा अध्यक्ष चुने गए नितिन नबीन



## आज लेंगे पद की शपथ

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में नए युग की शुरूआत होने जा रही है। बिहार के अनुभवी नेता और पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन का भाजपा के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में चुना जाना लगभग तय है। सोमवार यानी 19 जनवरी को दोपहर नामांकन प्रक्रिया शुरू होते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह सहित वरिष्ठ नेताओं ने उनके पक्ष में समर्थन पत्र सौंप दिए हैं।

**चुनाव प्रक्रिया और टाइमलाइन**

भाजपा के संगठनात्मक ढांचे के अनुसार, चुनाव प्रक्रिया आज ही पूरी कर ली जाएगी।

नामांकन दाखिल करना: दोपहर 2:00 बजे से 4:00 बजे तक।

नामांकन की जांच: शाम 4:00 बजे से 5:00 बजे तक।

नाम वापसी: शाम 5:00 बजे से 6:00 बजे तक।

घोषणा: यदि कोई अन्य उम्मीदवार मैदान में नहीं आता है, तो कल आधिकारिक रूप से उनके नाम की घोषणा कर दी जाएगी। (विशेष स्थिति में मतदान 20 जनवरी को होगा)।

**आज होगा शपथ ग्रहण समारोह :** नितिन नबीन आज सुबह 11:30 बजे औपचारिक रूप से अध्यक्ष पद की शपथ लेंगे। इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह, राजनाथ सिंह, निवर्तमान अध्यक्ष जेपी नड्डा और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री मौजूद रहेंगे।

**कौन हैं नितिन नबीन? :** नितिन नबीन बिहार राजनीति का एक प्रमुख चेहरा हैं। उनके राजनीतिक सफर की मुख्य बातें:

पांच बार के विधायक: वे पटना की बांकीपुर सीट से लगातार चुनाव जीतते आ रहे हैं।

शेष, पृष्ठ 2

# 278 करोड़ के विकास कार्यों से सजेगा गाजियाबाद शहर

**साहिबाबाद क्षेत्र में 122 करोड़ 45 लाख के विकास कार्य होंगे**

**शहर विधानसभा में 58 करोड़ 97 लाख से होगा विकास कार्य**

**मुरादनगर विधान सभा में 54 करोड़ 42 लाख का बजट महापौर ने किया पास**

**सड़कों की बदलेगी तस्वीर, ड्रेनेज सिस्टम और नाले होंगे बेहतर**







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद नगर निगम शहर की सूरत बदलने के लिए बड़े विकास कार्य शुरू कर रहा है। महापौर सुनीता दयाल की अध्यक्षता में 278 करोड़ के विकास कार्यों के प्रस्ताव पर मोहर लगी है। जिसके तहत शहर विधानसभा में 58 करोड़ 97 लाख का बजट, मुरादनगर विधानसभा में 54 करोड़ 42 लाख, साहिबाबाद विधानसभा में 122 करोड़ 45 लाख रुपए के विकास कार्य होंगे। सभी कार्य 15वें वित्त अवस्थापना निधि से शहर के विकास के लिए स्वीकृत किए गए हैं। मुख्य मार्गों पर सजावट होगी। कच्ची साइड पटरी सुधारने के साथ ही शहर की वायु गुणवत्ता पर काम होगा। नगर निगम के मुख्य नवनिर्माण के लिए 24 करोड रुपए भी पास किए गए हैं। इसके तहत लगभग 107 विकास कार्यों पर मोहर लगी है। जिसके अंदर अधिकांश नगर निगम के वार्ड कवर किए जा रहे हैं।

### 5 करोड़ से नगर निगम का बनेगा वेंडिंग जोन

करंट क्राइम : नगर निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर वेंडिंग जोन और क्योस्क का निर्माण कार्य कराया जाएगा। इसके लिए 5 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। एक वेंडिंग जोन कौशांबी में बनेगा, तो एक सिटी जोन में भी बनने पर मोहर लगी है।

### 12 करोड़ की धनराशि से चित्रकारी और सजावट पर ध्यान

करंट क्राइम : नगर निगम की ओर से राजनगर एक्सटेंशन फ्लाईओवर के नीचे सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जाएगा। इसके लिए लगभग पौने दो करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। इसके साथ ही राजनगर के साथ ही विभिन्न स्थानों पर चित्रकारी और सादर्यीकरण का कार्य लगभग 10 करोड़ रुपए की लागत से कराया जाएगा।

### साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में होगा सबसे ज्यादा खर्चा

करंट क्राइम : नगर निगम गाजियाबाद द्वारा विधानसभा साहिबाबाद क्षेत्र में 122 करोड़ और 45 लाख रुपए के विभिन्न कार्य अलग-अलग वार्ड में कराए जा रहा हैं। जिसमें नालों का निर्माण ,इंटरलॉकिंग टाइल्स, कच्ची पटरी पर कार्य, आंतरिक गलियों का पुन: निर्माण और अन्य विकास कार्यों के लिए भी बड़ी धनराशि खर्च की जा रही है। इसके लिए 122 करोड़ 45 लाख रुपए तय किए गए हैं।

### कवि नगर, संजय नगर, शास्त्री नगर, चिरंजीव विहार और हरसांव का बदलेगा हाल

करंट क्राइम : मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र में 54 करोड़ 42 लाख रुपए खर्च किए जाने हैं। जिसके तहत संजय नगर, कवि नगर, शास्त्री नगर, चिरंजीव विहार और हरसांव क्षेत्र में सड़क, ड्रेनेज, नाला, सड़कों की सुंदरता फुटपाथ और अन्य विकास कार्य कराए जाने हैं।

# जनवरी वाली लिस्ट में आ गया लेट वाला ट्विस्ट अब सबको है वेट कब आएगी लिस्ट वाली डेट

### - क्या पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद पर भी आएंगे इफैक्ट




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इन दिनों लिस्ट का बेसब्री से वेट हो रहा है। कोई आईपीएस वाले फेस का वेट कर रहा है। तो किसी को एसीपी स्तर पर नए सर्किल सेट होने का वेट है।

उधर लखनऊ वाले सूत्र बता रहे हैं कि जो आईपीएस और पीपीएस वाली लिस्ट 18 जनवरी तक आनी थी, वह अब लेट हो गई है। अब कहा जा रहा है कि वह 26 जनवरी के बाद ही रवाना की जाएगी और उसके लेट होने की संभावना फरवरी तक बनी हुई है।

उधर लखनऊ वाले पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि 26 जनवरी को पुरस्कार वितरण होने के बाद कई आईपीएस अधिकारियों के ठिकाने बदल सकते हैं। बताया जा रहा है कि लिस्ट में गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट से भी कुछ आईपीएस अधिकारियों के नाम शामिल हो सकते हैं। बीते दिनों कुछ अधिकारियों ने लखनऊ दरबार में एंट्री ली थी, वह लखनऊ तक गए थे। अब बताया जा रहा है कि पूरा मामला ट्रांसफर पोस्टिंग से जुड़ा हुआ है।

उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम से कुछ एसीपी स्तर के अधिकारियों का नाम इस लिस्ट में आने की चर्चा है। बताया जा रहा है कि कुछ एसीपी तो जिले के प्रयास में लगे हुए हैं। तो दो एसीपी कमिश्नरेट वाले सिस्टम में ही जाने का वेट कर रहे हैं।

अब बताया जा रहा है कि उन्होंने अपना चैनल भी घुमाया है। अब देखना होगा कि फरवरी वाली लिस्ट में इन एसीपी स्तर के अधिकारियों का नाम आएगा या इनको फिर प्रधान वाले चुनावों तक का ही वेट करना होगा।

### लोकल लिस्ट को लेकर भी बना हुआ है सस्पेंस

करंट क्राइम : आईपीएस और एसीपी स्तर के अधिकारियों की लिस्ट नहीं आने के चक्कर में बताया जा रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम की एक छोटी थाना प्रभारी वाली लिस्ट भी रवाना नहीं हो रही है। तो वहीं कुछ एसीपी जो अपनी मजबूत पैरवी करवा चुके हैं, उनको नए स्थान पर भेजा जाएगा या नई इस बात का लेकर भी सस्पेंस बरकरार है। वैसे अब देखना होगा कि आईपीएस और पीपीएस वाली लिस्ट कब आती है और उसका पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाली सिस्टम पर कितना इफेक्ट पड़ता है। हालांकि अभी डेट सेट नहीं है, पर टविस्ट् होना बताया जा रहा है।

# पश्चिमी विक्षोभों के असर से मौसम में बदलाव, 22 जनवरी से वर्षा की संभावना

### अगले 48 घंटों में तापमान में हल्की गिरावट कोहरे में कमी से ठंड से राहत बनी रहेगी



**लखनऊ, करंट क्राइम।** उत्तरोत्तर सक्रिय पश्चिमी विक्षोभों के प्रभाव से प्रदेश के मौसम में लगातार परिवर्तन देखने को मिल रहा है। बीते 24 घंटों के दौरान हवा की दिशा में बदलाव और आसमान में बादलों की मौजूदगी के कारण प्रदेश के कुछ हिस्सों में छिटपुट वर्षा दर्ज की गई, वहीं विभिन्न स्थानों पर न्यूनतम तापमान में औसतन 4 से 6 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई है।

कोहरे के घनत्व में आई कमी के चलते दिन के अधिकतम तापमान में भी 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जिससे तापमान सामान्य से उल्लेखनीय रूप से ऊपर पहुंचकर 27 डिग्री सेल्सियस तक चला गया। इसके परिणामस्वरूप प्रदेश में पड़ रही ठंड का असर अचानक कम हो गया। मौसम विभाग के अनुसार, वर्तमान पश्चिमी विक्षोभ से संबंधित द्रोणी के पूर्व की ओर खिसकने के साथ इसका प्रभाव धीरे-धीरे कमजोर होगा। हवाओं की दिशा में पुनः परिवर्तन के कारण अगले 48 घंटों के दौरान तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक गिरावट संभव है, हालांकि तापमान सामान्य के आसपास या उससे अधिक बना रहने की संभावना है। कोहरे में कमी के कारण प्रदेशवासियों को फिलहाल ठंड से राहत मिलती रहेगी।

इसके बाद लगातार दो सक्रिय पश्चिमी विक्षोभों के प्रभाव से 22 जनवरी से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में वर्षा का दौर शुरू होने की संभावना जताई गई है, जो आगे चलकर पूर्वी उत्तर प्रदेश तक व्यापक रूप ले सकता है। मौसम के इस रुख को देखते हुए आने वाले दिनों में भी ठंड से राहत बनी रहने के आसार हैं।

# जो प्रतिनिधि जनता के प्रेम को गुलामी समझता है, लोकतंत्र अंततः उसे उसका उत्तर अवश्य देता है : बालेश्वर त्यागी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोकतंत्र में कोई राजा नहीं होता। लोकतंत्र तो स्वयं जनता का शासन है। जनता स्वयं से अपने लिए अपने ऊपर शासन करने के लिए चुनाव करती है।

भारत ने इस लोकतंत्र की प्राप्ति के लिए बड़ा संघर्ष किया था। हजारों लोगों ने जीवन का बलिदान दिया। लाखों लोगों ने संघर्ष किया जेल यातनाएं सहीं। लोगों ने हंसते हंसते फांसी के फंदे को चूम लिया। लोगों ने सीने पर गोली खा ली। इस लोकतंत्र के लिए ही लोगों ने अंडमान निकोबार की जेल में तेली के कोल्हू में बैल के स्थान पर जुड़कर अपनी जवानी को पसीना बना कर बहा दिया। ये लोकतंत्र न तो उपहास की वस्तु है और न लूट का अवसर प्रदान करने वाली शासन व्यवस्था है। आज से नौ दिन बाद पूरा देश गणतंत्र दिवस मनाएगा। गणतंत्र स्वयं स्वतंत्रता की लक्ष्मण रेखा है।

लोकतंत्र का मतलब है जनता का शासन और गणतंत्र का मतलब है वह शासन जो संविधान और कानून से संचालित होगा। इसलिए इस व्यवस्था में जनता अपने ऊपर शासन करने के लिए प्रतिनिधि चुनती है। वे प्रतिनिधि संविधान के अनुसार कानून का शासन संचालित करते हैं। यह सर्व सम्मति का शासन नहीं है, ये बहुमत का शासन है। इस शासन में योग्यता और प्रतिभा का चुनाव नहीं होता यहां सिर गिने जाते हैं। उन सिरों में छिपे मस्तिष्क की गुणवत्ता का चयन नहीं होता है।

यह जनता पर निर्भर है कि वह कैसा प्रतिनिधि चुनती है। जो लोग जाति, धर्म, क्षेत्र, भाषा, वेशभूषा और खानपान के आधार पर अपना मत देते हैं, वे उन शहीदों के बलिदान का अपमान करते हैं जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया।

जो शराब, पैसा और उपहार लेकर वोट करते हैं, वे इस लोकतंत्र के साथ द्रोह करते हैं। ऐसे लोग नैतिक रूप से बुरे प्रतिनिधि की आलोचना का अधिकार खो देते हैं। जनता जिन्हें प्यार करती है उन्हें वोट देती है। लेकिन वह चुने हुए प्रतिनिधि की गुलाम नहीं होती।

अगर निर्वाचित प्रतिनिधि मतदाता के प्यार को गुलामी समझने की भूल करेगा तो उसे इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है।

### लोकतंत्र राजा का नहीं, जनता का शासन है

लोकतंत्र में कोई राजा नहीं होता। जनता स्वयं अपने ऊपर शासन करने के लिए अपने प्रतिनिधि चुनती है। यही इसकी मूल आत्मा है।

### यह व्यवस्था असंख्य बलिदानों से मिली है

भारत का लोकतंत्र हँसते-हँसते फाँसी चूमने वालों, गोलियाँ खाने वालों और अंडमान की जेलों में यातनाएँ सहने वालों के बलिदान से बना है। यह उपहास या लूट का साधन नहीं है।

### गणतंत्र का अर्थ संविधान और कानून का शासन है

लोकतंत्र जनता का शासन है और गणतंत्र वह व्यवस्था है जिसमें यह शासन संविधान और कानून के दायरे में चलता है। यही स्वतंत्रता की लक्ष्मण रेखा है।

### यह बहुमत का शासन है, योग्यता का चयन नहीं

चुनाव में सिर गिने जाते हैं, मस्तिष्क की गुणवत्ता नहीं। इसलिए लोकतंत्र की गुणवत्ता सीधे जनता के निर्णय पर निर्भर करती है।

### गलत कारणों से वोट देना लोकतंत्र और शहीदों का अपमान है

जाति, धर्म, पैसा, शराब या उपहार के आधार पर वोट देना लोकतंत्र से विश्वासघात है। ऐसे लोग बाद में बुरे प्रतिनिधि की आलोचना का नैतिक अधिकार खो देते हैं।



# भाजपा में 'नबीन' युग की शुरुआत, नितिन नबीन को निर्विरोध भारतीय जनता पार्टी का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया







## भाजपा अध्यक्ष पद चुनाव प्रक्रिया के लिए निर्वाचन मंडल ने सौंपा अपना समर्थन पत्र

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने अपना समर्थन पत्र सौप दिया है। इन पत्रों के जरिये उन्होंने उम्मीदवार के प्रति अपना समर्थन जताया है। इससे पार्टी की चुनावी प्रक्रिया आगे बढ़ गई है। पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन कुछ ही देर में अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। उनके नामांकन का समर्थन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता कर रहे है।

पार्टी सूत्रों के अनुसार, नबीन के पार्टी के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध चुने जाने की संभावना है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह सहित पार्टी नेतृत्व इस पद के लिए उनकी उम्मीदवारी का समर्थन कर रहे है। यदि ऐसा होता है, तो वे कल औपचारिक रूप से अध्यक्ष पद की शपथ ग्रहण करेंगे। बिहार से पांच बार के विधायक नबीन को हाल ही में पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

### भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की टाइमलाइन

- घोषित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार, नामांकन आज दोपहर 2 बजे से 4 बजे के बीच दाखिल किए जाएंगे।

- आज ही शाम 4 बजे से 5 बजे के बीच नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी।

- नामांकन शाम 5 बजे से 6 बजे के बीच वापस लिए जा सकते हैं।

- चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद मंगलवार को नए पार्टी अध्यक्ष के नाम की घोषणा की जाएगी।

- हालांकि, जरूरत पड़ने पर 20 जनवरी को मतदान होगा और उसी दिन भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम की आधिकारिक घोषणा की जाएगी।

**कैसे होता है बीजेपी अध्यक्ष का चुनाव ? :** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव पार्टी की राष्ट्रीय परिषद और विभिन्न राज्य परिषदों के प्रतिनिधियों से बने एक निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है। इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी पार्टी का राष्ट्रीय निर्वाचन अधिकारी करता है। पार्टी के संविधान के मुताबिक, किसी भी राज्य के निर्वाचक मंडल के कम से कम 20 सदस्य मिलकर राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए किसी उम्मीदवार का प्रस्ताव रख सकते हैं। इसके लिए जरूरी है कि उम्मीदवार पार्टी का कम से कम चार कार्यकाल तक सक्रिय सदस्य रहा हो और उसकी सदस्यता को 15 साल पूरे हो चुके हों। इसके अलावा, यह प्रस्ताव कम से कम पांच ऐसे राज्यों से आना चाहिए, जहां राष्ट्रीय परिषद के चुनाव पहले ही पूरे हो चुके हों।

नितिन नबीन बिहार के एक अनुभवी नेता और पार्टी के मजबूत संगठनकर्ता माने जाते हैं। वे बांकीपुर विधानसभा सीट से लगातार पांच बार विधायक चुने जा चुके हैं।

इससे पहले वर्ष 2006 में उन्होंने पटना पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से पहली बार बिहार विधानसभा में कदम रखा था।

### आज होगा राष्ट्रीय अध्यक्ष का शपथ ग्रहण

पार्टी सूत्रों के अनुसार, नितिन नबीन को निर्विरोध भारतीय जनता पार्टी का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना जाना तय है। वे आज सुबह 11 :30 बजे औपचारिक रूप से अध्यक्ष पद की शपथ लेंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा, नितिन गडकरी, बीजेपी शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और संगठन मंत्री मौजूद रहेंगे।

# हाईकोर्ट से सेंगर को बड़ा झटका

## पीड़िता के पिता की मौत मामले में जमानत याचिका खारिज

### पीड़िता की याचिका पर 25 फरवरी को सुनवाई

### सेंगर को पहले भी सुप्रीम कोर्ट से लग चुका है झटका




**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट से सोमवार को उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता के पिता की हिरासत में हुई मौत के मामले में कुलदीप सिंह सेंगर की जमानत याचिका खारिज हो गई है। यह फैसला हाईकोर्ट की ओर से सुनाया गया है।

**सेंगर की अपील पर पीड़िता की दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका :** बीते दिनों उन्नाव दुष्कर्म मामले की पीड़िता ने दिल्ली उच्च न्यायालय में एक महत्वपूर्ण याचिका दायर की इस याचिका के माध्यम से पीड़िता ने पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सेंगर की सजा के खिलाफ दायर अपील में अतिरिक्त सामग्री पेश करने की मांग की है। पीड़िता का उद्देश्य अदालत में ऐसे तथ्य और दस्तावेज प्रस्तुत करना है जो हालिया घटनाक्रमों को दशार्ते हों। साथ ही, वह खुद और अपने परिवार को जान के खतरे की बात को भी अदालत के सामने रखना चाहती है।

यह याचिका कुलदीप सेंगर की उस अपील के जवाब में आई है, जिसमें उन्होंने दुष्कर्म के मामले में अपनी सजा को चुनौती दी। पीड़िता ने आरोप लगाया कि सेंगर ने जांच को प्रभावित करने की कोशिश की। उन्होंने यह भी बताया कि मुकदमे के दौरान उसकी उम्र के बारे में जाली और झूठे दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया, जिनका अब अपील में भी सहारा लिया जा रहा है। अपनी याचिका में, पीड़िता ने उन्नाव के उसके स्कूल के दो अधिकारियों से उसकी जन्म तिथि प्रमाणित करने के लिए अतिरिक्त साक्ष्य दर्ज कराने का निर्देश देने की भी मांग की है।

न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह और न्यायमूर्ति मधु जैन की पीठ ने इस मामले का अवलोकन किया। पीठ ने पाया कि अपील पहले से ही अंतिम सुनवाई के चरण में है। अदालत ने पीड़िता की याचिका पर विचार करने के लिए 25 फरवरी की तारीख तय की है। इसके अतिरिक्त, पीठ ने पीड़िता के वकील से 31 जनवरी तक अपनी याचिका के साथ प्रासंगिक दस्तावेज दाखिल करने को कहा है। सेंगर और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से भी इस याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने को कहा गया है।

यह याचिका उच्च न्यायालय के 23 दिसंबर, 2025 के उस आदेश के बाद आई है, जिसमें सेंगर की आजीवन कारावास की सजा को निलंबित कर दिया गया था।

# इस बार कौन बनेगा बीएमसी मेयर ?

## शिवसेना पार्षदों की किलेबंदी, होटल पॉलिटिक्स पर राउत ने पूछा- डर किसे?




**मुंबई।** मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) चुनाव के नतीजों के बाद शुरू हुई राजनीतिक हलचल के बीच शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने बड़ा सवाल खड़ा किया है। उन्होंने सत्तारूढ़ गठबंधन की सहयोगी एकनाथ शिंदे गुट की शिवसेना द्वारा अपने नवनिर्वाचित पार्षदों को होटल में शिफ्ट करने पर तंज कसते हुए पूछा 'आखिर डर किसे है ?

बीएमसी चुनाव में 227 सदस्यीय सदन में भाजपा के पास सबसे अधिक 89 सीटें है। हालांकि मेयर बनाने के लिए 114 पार्षदों की जरूरत होती है। इस गणित के चलते मेयर पद को लेकर राजनीतिक जोड़-तोड़ तेज हो गई है।

**नतीजों के बाद होटल पॉलिटिक्स शुरू :** नतीजों के तुरंत बाद शिंदे गुट की शिवसेना ने अपने सभी 29 पार्षदों को मुंबई के एक पांच सितारा होटल में भेज दिया। पार्टी की ओर से इसे ओरिएंटेशन वर्कशॉप बताया गया, ताकि पार्षदों को देश की सबसे अमीर नगर पालिका बीएमसी के कामकाज की जानकारी दी जा सके।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस बयान पर भी राउत ने पलटवार किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि भाजपा ने मुंबई में कांग्रेस को हरा दिया। राउत ने याद दिलाया कि पिछले 25 वर्षों तक बीएमसी पर शिवसेना का शासन रहा, जबकि कांग्रेस और भाजपा लंबे समय तक यहां हाशिए पर रहीं। राज्यसभा सांसद ने यह भी कहा कि कांग्रेस की स्थापना मुंबई में हुई थी और भारत छोड़ो आंदोलन भी यहीं से शुरू हुआ था, उस दौर में भाजपा का अस्तित्व ही नहीं था।

**घटनाक्रम का आनंद ले रहे- राउत :** जब उनसे पूछा गया कि क्या शिवसेना (यूबीटी) बीएमसी में विपक्ष में बैठने जा रही है, तो राउत ने साफ किया कि ऐसा कोई फैसला नहीं हुआ है। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा हम तो हो रहे राजनीतिक घटनाक्रम का आनंद ले रहे हैं। राउत ने यह भी आरोप लगाया कि एकनाथ शिंदे पहले भी शिवसेना को तोड़ चुके हैं और अब वे मुंबई समेत अन्य नगर निकायों में भी ऐसी कोशिश कर सकते हैं। हालांकि, उन्होंने मुख्यमंत्री फडणवीस और उद्धव ठाकरे के बीच किसी गुप्त बातचीत की अटकलों को सिरे से खारिज कर दिया।

**एकनाथ शिंदे भी नहीं चाहते भाजपा का मेयर- संजय राउत :** संजय राउत ने रविवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि एकनाथ शिंदे के पार्षदों को इस तरह से होटल में बंदी बनाकर रखना कानून व्यवस्था का सवाल है। उन पार्षदों को डर है कि उनका अपहरण किया जा सकता है, उन्हें तोड़ा जा सकता है। ऐसे में शिंदे ने उन्हें ताज होटल में बंद कर दिया है और वहां पुलिस का कड़ा पहरा है। ये बहुत चिंताजनक बात है और ये पार्षदों के अधिकारों का हनन है। संजय राउत ने दावा किया कि एकनाथ शिंदे के गुट के कई पार्षद हमारे संपर्क में हैं। कौन चाहता है कि मुंबई में भाजपा का मेयर बने? खुद एकनाथ शिंदे भी ऐसा नहीं चाहते।

**यूबीटी और एमएनएस की हलचल :** इस बीच शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने संकेत दिए हैं कि अगर ह्यदेवह्न की इच्छा हुई तो उनकी पार्टी का भी मेयर बन सकता है।

### 25 वर्षों तक बीएमसी पर शिवसेना का शासन

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए संजय राउत ने कहा कि भाजपा भी अपने पार्षदों को सुरक्षित जगह ले जाने की तैयारी में है, जो यह दिखाता है कि अंदरखाने राजनीतिक अस्थिरता है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में हैं और इधर मुंबई में पार्षदों को होटल में शिफ्ट किया जा रहा है यह स्थिति हास्यास्पद है।

# मानहानि मामले में राहुल गांधी को कोर्ट से अंतिम अवसर

## 20 फरवरी को न्यायालय में होना होगा पेश




**सुल्तानपुर।** एमपी-एमएलए कोर्ट ने कांग्रेस नेता व रायबरेली सांसद राहुल गांधी को मानहानि के एक मामले में अंतिम अवसर दिया है। अदालत ने राहुल गांधी को 20 फरवरी को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपना बयान दर्ज कराने का आदेश दिया है।

राहुल गांधी के खिलाफ चल रहे मानहानि मामले में सोमवार को सुनवाई हुई। पिछली पेशी पर मामले के गवाह रामचंद्र दूबे ने अपना बयान दर्ज कराया था, जिसके बाद अधिवक्ताओं की ओर से जिरह की गई थी।

सोमवार को राहुल गांधी को अदालत में उपस्थित होना था, लेकिन वह पेश नहीं हो सके। कोर्ट ने पूर्व में राहुल गांधी को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर बयान दर्ज कराने के लिए तारीख तय की थी।

राहुल गांधी के अधिवक्ता ने बताया कि राहुल गांधी 20 फरवरी को एमपी-एमएलए कोर्ट में उपस्थित होंगे। यह मामला करीब आठ वर्ष पूर्व कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान दिए गए एक बयान से जुड़ा है। आरोप है कि राहुल गांधी ने उस दौरान वर्तमान गृह मंत्री अमित शाह को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

इस टिप्पणी से आहत होकर भाजपा नेता विजय मिश्रा ने एमपी-एमएलए कोर्ट में राहुल गांधी के खिलाफ परिवाद दर्ज कराया था। फिलहाल इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रही है। राहुल गांधी इस प्रकरण में पहले ही अपना बयान दर्ज करा चुके हैं और वर्तमान में जमानत पर हैं।

# 'यूपी में निवेश के लिए गोल्डन टाइम...'

## जरूरतों के अनुरूप तैयार करें ट्रेंड मैनपॉवर : योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र के अंतर्गत औद्योगिक इकाइयों और मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए भूमि आवंटन पत्र प्रदान किए। इनमें इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड, एसेंट सर्किट प्राइवेट लिमिटेड, अंबर इंटरप्राइजेज इंडिया लिमिटेड को औद्योगिक इकाइयों तथा बोधिसत्व चैरिटेबल ट्रस्ट को मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए भूमि आवंटित की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए स्वर्णिम काल है और सरकार निवेशकों को हर संभव सहयोग दे रही है।

मुख्यमंत्री ने उद्यमियों के साथ संवाद करते हुए कहा कि पिछले साढ़े आठ वर्षों में नीति स्थिरता, सुशासन और त्वरित कार्य निष्पादन के कारण प्रदेश में अभूतपूर्व औद्योगिक परिवर्तन हुआ है। आज उत्तर प्रदेश केवल संभावनाओं का नहीं, बल्कि परिणामों का राज्य बन चुका है। उद्योग प्रथम, निवेश प्रथम की नीति के चलते प्रदेश वैश्विक निवेशकों के लिए सुरक्षित और विश्वसनीय गंतव्य बन गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप प्रदेश में सेमीकंडक्टर चिप निर्माण को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड और एसेंट सर्किट जैसी कंपनियां इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में अंबर इंटरप्राइजेज का निवेश भी प्रदेश की औद्योगिक क्षमता को नई मजबूती देगा। मुख्यमंत्री ने उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार करने और सभी कार्यों को तेजी से पूरा कराने के निर्देश दिए।

**इन्हें मिला भूमि आवंटन पत्र:**

**एचसीएल** – फॉक्सकॉम के संयुक्त उपक्रम इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड को 48 एकड़ भूमि दी गई है। कंपनी 3706.15 करोड़ रुपये का निवेश कर सेमीकंडक्टर चिप का उत्पादन करेगी। एसेंट सर्किट प्राइवेट लिमिटेड को 16 एकड़ भूमि दी गई है। कंपनी 3250 करोड़ का निवेश कर फ्लेक्सिबल पीसीबी, सेमीकंडक्टर सब्सट्रेट्स का उत्पादन करेगी। अंबर इंटरप्राइजेज इंडिया लिमिटेड को 100 एकड़ भूमि दी गई है। कंपनी 3532 करोड़ का निवेश कर कॉपर क्लेड लेमिनेट्स, पीसीबी असेंबली, कंप्यूटर इलेक्ट्रॉनिक्स एंड अप्लायंसेज का उत्पादन करेगी।

# मुलायम परिवार से बाहर होंगी अपर्णा यादव! प्रतीक लेंगे तलाक!




**लखनऊ।** यूपी के राजनीतिक गलियारों के इस वक्त बड़ी खबर सामने आई है। सपा मुखिया अखिलेश यादव के भाई प्रतीक यादव ने अपनी पत्नी एवं भाजपा नेत्री अपर्णा यादव से तलाक लेने का एलान किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर पोस्ट करके यह बात सार्वजनिक की। हालांकि अपर्णा के भाई का कहना है कि अकाउंट हैक किया गया है। इसकी शिकायत की जा रही है।

उन्होंने मेरे परिवार के रिश्ते खराब कर दिए। बस मशहूर और असरदार बनना चाहती हैं। अभी, मेरी मेंटल हेल्थ बहुत खराब है। लेकिन, उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। क्योंकि उन्हें सिर्फ.अपनी ही चिंता है। मैं बदकिस्मत था कि मेरी शादी उनसे हुई।

अपर्णा यादव के भाई अमन बिष्ट ने कहा कि प्रतीक यादव का सोशल मीडिया एकाउंट हैक हो गया है। हैकर ने यह पोस्ट की है। इसकी शिकायत की जा रही है।

**2011 में हुई थी शादी :** बताते चलें कि अपर्णा यादव और प्रतीक की शादी वर्ष 2011 में हुई थी। इससे पहले वह दोनों आठ साल तक दोस्त रहे। यह बात अपर्णा ने एक इंटरव्यू में कही थी। 2011 में हुई ये शादी चर्चित शादियों में से एक थी। अपर्णा-प्रतीक की इस शादी में अनिल अंबानी, अमिताभ बच्चन सरीखे सेलिब्रेटीज शामिल हुए थे।

अर्पणा बिष्ट यादव ने ब्रिटेन की मैनचेस्टर यूनिवर्सिटी से इंटरनेशनल पॉलिटिक्स में मास्टर डिग्री हासिल की है।

प्रतीक लीड्स यूनिवर्सिटी से मैनेजमेंट डिग्री ली है। अपर्णा और प्रतीक यादव की एक बेटी प्रथमा है। प्रतीक यादव मुलायम सिंह की दूसरी पत्नी साधना गुप्ता के पुत्र हैं।

# घर में घुसकर की चार लोगों की हत्या

**एटा।** एटा के कोतवाली नगर क्षेत्र के मोहल्ला नगला प्रेमी में सोमवार को दिनदहाड़े घर में घुसकर जानलेवा हमला किया गया।

इसमें तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर घायल को अस्पताल भेजा, जहां चिकित्सकों ने उसको भी मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

मोहल्ला नगला प्रेमी निवासी गंगा सिंह (75 साल) के घर में सोमवार को जानलेवा हमला किया गया।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हापुड-पिलखुवा विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र में आवेदक श्री नितिन शर्मा पुत्र श्री बुद्धिप्रकाश शर्मा द्वारा मौ. फ्रीगंज रोड (मोतीगंज-सेकेण्ड) हापुड, तहसील व जिला-हापुड के नगर पालिका नम्बर-18-72/704, क्षेत्रफल 99.84 वर्ग मी. पर व्यवसायिक मानचित्र की स्वीकृति हेतु प्रस्तावना दी गयी है। हापुड महायोजना-2031 के अनुसार मौ. फ्रीगंज रोड (मोतीगंज-सेकेण्ड) हापुड, तहसील व जिला-हापुड के नगर पालिका नम्बर-18-72/704, का भू-उपयोग मार्गाधिकार की भूमि छोडने के उपरान्त निर्मित क्षेत्र है। मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि एवं मॉडल जोनिंग रेगुलेशन-2025 के अनुसार निर्मित क्षेत्र भू-उपयोग में व्यवसायिक मानचित्र अनुमन्य है। महायोजना भू-उपयोग अथवा अनुमोदित लेआउट में परिभाषित भू-उपयोग के अतिरिक्त अन्य क्रियाओं की अनुज्ञा से पूर्व जनता से आपत्ति / सुझाव प्राप्त किये जाने का प्राविधान है। अत: निर्मित क्षेत्र भू-उपयोग में व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृत करने से पूर्व जनता से आपत्ति / सुझाव आमंत्रित किये जाते है कि- यदि उक्त स्वीकृति के सम्बंध में किसी व्यक्ति विशेष / संस्था को कोई आपत्ति / सुझाव हो, तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति / सुझाव प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करा सकते है।

प्रभारी सचिव
हापुड-पिलखुवा विकास प्राधिकरण
हापुड

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...





# जब सामाजिक चौपाल में बैठे सियासत वाले और समाजसेवी एक साथ उठी आवाज कि नहीं होना चाहिए 20% से ज्यादा हाउस टैक्स





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जनता की आवाज ही जनप्रतिनिधियों की आवाज होती है। जनता की आवाज ही पूर्व जनप्रतिनिधियों की आवाज होती है, जनता की आवाज ही वो समाजसेवी होते हैं जो समाज के लिए काम करते हैं। एक सामाजिक कार्यक्रम में ऐसा ही नजारा मिला जब यहां सियासत वाले और सोशल वर्कवाले एक साथ थे। सभी के दल अलग अलग थे लेकिन विचार एक थे। इस सामाजिक कार्यक्रम में पूर्व मेयर आशु वर्मा मौजूद थे। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार मुन्नी मौजूद थे। यहां पर पूर्व दर्जा प्राप्त बलदेवराज शर्मा मौजूद थे। यहां कृषक समाज के कृष्णवीर चौधरी मौजूद थे। यहां समाजसेवी आदेश शर्मा मौजूद थे। यहां कांग्रेस के नेता सुरेन्द्र शर्मा भी मौजूद थे। एक ऐसी चौपाल जिसमें पूर्व विधायक है, पूर्व मेयर है, इसमें कांग्रेस के नेता सुरेन्द्र शर्मा है, इसमें भाजपा के नेता हैं। यहां समाजसेवी आदेश शर्मा हैं, यहां रालोद में विभिन्न पदों पर रह चुके चौधरी तेजपाल सिंह हैं। सभी किसी मुददे पर एक राय हैं तो उस राय को जनता की राय माना जा सकता है। एक सामाजिक कार्यक्रम में ये सभी चेहरे मौजूद थे। और जब बात हाउस टैक्स को लेकर चली तो वृद्धि के सवाल पर सभी ने एक स्वर से कहा कि 20 प्रतिशत से ज्यादा हाउस टैक्स का बढ़ना कहीं से भी ठीक नहीं कहा जा सकता। खास बात ये है कि हाउस टैक्स को लेकर जब बात चल रही थी तो यहां पूर्व मेयर आशु वर्मा भी थे। वो पहले ही कह चुके हैं कि यदि मैं मेयर होता तो इतने अधिक वृद्धि होने ही नहीं देता। यहां बात ये भी हुई कि मेयर किसी भी दल का हो लेकिन फैसला न्यायसंगत होना चाहिए। और बात हाईकोर्ट के फैसले पर आ टिकी। सियासत वाले जब एक साथ बैठे तो चर्चा हो रही है और हाउस टैक्स पर सभी ने एक स्वर में कहा कि शहर के विकास के लिए राजस्व भी जरूरी है लेकिन महंगाई के इस दौर में जनता पर बहुत अधिक बोझ नहीं लादा जा सकता। सभी ने इस तरह से अपनी बात रखी।

## हाउस टैक्स की मार से बेहाल है जनता : अशु वर्मा पूर्व मेयर



करंट क्राइम। पूर्व मेयर अशु वर्मा भाजपा से ही हैं और उन्होंने हाउस टैक्स को लेकर पहले भी कहा था कि अगर मैं मेयर होता तो हाउस टैक्स बढ़ने ही नहीं देता। इस चर्चा में शामिल पूर्व मेयर अशु वर्मा ने कहा कि मैं किसी और की क्या बात कहूं, मेरे घर पर खुद बढ़ा हुआ टैक्स आया है। मैंने खुद मेयर को पत्र लिखा, सवाल पूछा। उन्होंने कहा कि आम आदमी आज हाउस टैक्स की वृद्धि से त्रस्त है। इस अधिक हाउस टैक्स की वृद्धि की गयी है कि जनता बेहाल है। उन्होंने कहा कि हमने पत्र भी लिखा और सार्वजनिक मंच पर भी कहा। हमारी ही सरकार में हमारे ही जनप्रतिनिधि अगर सिस्टम से लड़ रहे हैं तो ये सोचने कीबात है। पर अगर वो जनता की आवाज के लिए लड़ ही नहीं रहे हैं तो ये और अधिक चिंता की बात है।

## तेजपाल चौधरी ने दिया 30 प्रतिशत के हाउस टैक्स का हवाला



करंट क्राइम। तेजपाल चौधरी रालोद के नेता है, विभिन्न पदों पर रहे हैं। सामाजिक और राजनीतिक मुददों पर अच्छी पकड़ रखतेहैं। किसान खेती से लेकर शहरी क्षेत्र के मध्यम वर्ग की समस्याओं से वाकिफ हैं। हाउस टैक्स में वृद्धि को लेकर तेजपाल चौधरी ने कहा कि मेरा तो ये मानना है कि दस प्रतिशत से ज्यादा हाउस टैक्स में वृद्धि ही नहीं होनी चाहिए थी। 20 प्रतिशत भी अर्थव्यवस्था का हवाला देकर बढ़ाया जा सकता है। लेकिन कई सौ गुना की वृद्धि ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। उन्होंने यहां भाजपा के साथ रालोद के गठबंधन धर्म का हवाला भी दिया। उन्होंने कहा कि हाउस टैक्स वृद्धि को जनता की भावनाओं से भी जोड़कर देखा जाना चाहिए।

## जरूरत से ज्यादा करों की वृद्धि तोड़ेगी जनता की कमर : बलदेव राज शर्मा



करंट क्राइम। बलदेव राज शर्मा भाजपा के उन नेताओं में हैं जिन्होंने भाजपा की सियासत का एक युग देखा है। भाजपा को सत्ता में देखा है, भाजपा को विपक्ष में देखा है। वो सरकार में दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री रहे हैं और आपात काल में जेल भी गये हैं। बलदेवराज शर्मा ने गृह कर की वृद्धि को लेकर दो टूक राय रखी। उन्होंने कहा कि जनता पर करों का इतना बोझ लादना जनता के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि हाउस टैक्स की दरों में जरूरत से ज्यादा की वृद्धि जनता की कमर तोड़ेगी। यह न्याय संगत नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं इस विषय पर पूर्व मेयर अशु वर्मा की राय से पूरी तरह सहमत हूं।

## 20 प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि है पूरी तरह से गलत : सुरेन्द्र कुमार मुन्नी



करंट क्राइम। पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार मुन्नी एक ऐसे नेता हैं जो जनमुददों पर जनता से जुड़कर चलते हैं। सड़क से लेकर सदन की राजनीति के चेहरे हैं। जन मुददों की बेहतर समझ है और हमेशा ही जनता के बीच रहकर राजनीति की है। राजनीति को समाजसेवा का माध्यम मानने वाले पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार मुन्नी ने कहा कि मेरा ये मानना है कि हाउस टैक्स में 20 प्रतिशत से ज्यादा की कर वृद्धि होनी ही नहीं चाहिए थी। लेकिन यहां तो कई सौ गुना की वृद्धि हुई है और यह पूरी तरह से जनता के साथ अन्याय है।

## नहीं बढ़ना चाहिए जरूरत से ज्यादा हाउस टैक्स : कृष्णावीर चौधरी



करंट क्राइम। भारतीय कृषक समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णवीर चौधरी ने कहा कि करों की वृद्धि का मुददा जनता से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि कोई भी सत्ता जनता पर अधिक कर लगाकर जन समर्थन प्राप्त नहीं कर सकती है, राजस्व जरूरी है लेकिन राज्य के सिद्धांत भी जरूरी है। 20 प्रतिशत से ज्यादा टैक्स नहीं बढ़ना चाहिए।

## बढ़ा हुआ हाउस टैक्स बिगाड़ रहा है मिडिल क्लास बजट : आदेश शर्मा



करंट क्राइम। समाजसेवी आदेश शर्मा ने कहा कि हाउस टैक्स का एक सलैब तय होना चाहिए और इसका कठोरता से पालन होना चाहिए। अगर कोई भी अधिकारी राजस्व का हवालादेकर जनता का उत्पीड़न कर रहा है तो इसका संज्ञान शासन को लेना चाहिए। जनता को करों की मार से बचाने वाले नेताहोने चाहिए। जिस हाउस टैक्स को सत्ताधारी दल के पार्षद ही नकार रहे हैं। जिस बढ़े हुए हाउस टैक्स को सत्ताधारी दल के विधायक और पूर्व मेयर गलत बता रहे हैं तो वो टैक्स वृद्धि कैसे सही हो सकती है।

# बोर्ड बैठक नहीं होने पर पार्षद ने मारा ताना

## बोले-यादों में रह गई निगम की बोर्ड बैठक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम की बोर्ड बैठक लंबे समय से नहीं हुई है। इसको लेकर अब नगर निगम गाजियाबाद के पार्षदों की बेचैनी और इंतजार जवाब देने लगा है। सोमवार को भाजपा के पार्षद नीरज गोयल सीताराम बाजार वालों ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाली है। उसपर उन्होंने लिखा है नगर निगम की बोर्ड बैठक अब तो केवल यादों में ही रह गई है।

इस पोस्ट में लिखा गया है कि इससे पहले भी 30 जून 2025 को जो बैठक हुई थी वह भी पार्षदों के लैटर देने के बाद हुई थी। बता दें की पार्षद संघर्ष समिति लंबे समय से नगर निगम की बोर्ड बैठक की मांग कर रही है। कभी वह बैठक करते हैं, तो कभी आगे की हाउस टैक्स और अन्य विषयों को लेकर रणनीति बनाते हैं लेकिन उनकी बैठकों का कोई असर नहीं हो रहा है। उधर लंबे समय से बैठक न होने से पार्षद बेचैन भी चल रहे हैं।

तो नगर निगम के पार्षदों का कहना है कि विकास कार्यों में देरी हो रही है। तो वहीं नगर निगम में निगम के अधिकारी अपनी ही मनमर्जी से काम भी कर रहे हैं।




### जनवरी में भी नहीं लग रहे हैं बोर्ड बैठक के आसार

करंट क्राइम : नगर निगम गाजियाबाद के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जनवरी के इस महीने में भी बोर्ड बैठक के आसार कम नजर आ रहे हैं। इधर बसंत पंचमी का त्यौहार है। तो फिर गणतंत्र दिवस भी है। तो वहीं इसी बीच कई अन्य आयोजन और कार्यक्रमों का भी आरंभ होने वाला हैं। ऐसे में नगर निगम गाजियाबाद की बोर्ड बैठक को लेकर क्या सीन बनता है, यह देखा जाना शेष रहेगा। उधर महापौर और नगर आयुक्त ने लंबी मंत्रणा करते हुए शहर के विकास कार्यों के लिए लंबा बजट पास कर दिया है। ऐसे में अब बोर्ड बैठक कब होगी, इसका इंतजार बड़ी संख्या में पार्षदों को भी है। वह अपने विषय और फाइलों को तैयार किए बैठे हैं ताकि नगर निगम के सदन में उन्हें उठाया जा सके।

# नदिया के उस पार मच रहा है शमशान घाट को लेकर घमासान

## किस विधायक के प्लॉट ने कर दिया पार्षदों को भी लामबंद






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नदियापार में शमशान घाट को लेकर भगवा घमासान की तैयारी हो गयी है। जमीनों की कीमतों में इजाफा हुआ है और अब जिंदा लोग चाहते हैं कि जो जमीन मुर्दों के लिए आवंटित की गयी थी वो जमीन कहीं और शिफ्ट कर दी जाये। जमीन का मामला इतना आसान नहीं है और घमासान नदिया के उस पार मच रहा है। जमीन उस शमशान घाट की है जिसने कोरोना काल में उन मुर्दों को अग्नि में समाने की जगह दी थी जब सारे शमशान घाट फुल थे। हालाकि जिस शमशान घाट की बात हो रही है वहां की अव्यवस्थाओं का पहले भी करंट क्राइम ने खुलासा किया था। लेकिन अब एक विधायक और क्षेत्र के पार्षद शमशान घाट को लेकर आमने सामने आ गये। दरअसल विधायक जी का प्लॉट शमशान घाट के सामने आ गया है। और विधायक जी चाहते हैं कि शमशान घाट उनके रास्ते से हट जाये। विधायक ने कोई पत्र लिखा और ये पत्र किसी डीएम या जीडीए के वीसी को नहीं लिखा, उन्होंने ये पत्र मुख्यमंत्री को लिखा और उसमें बताया कि शामशान घाट आबादी के बीच में है और इसे हटाया जाये। हालाकि विधायक जी ने अपने पत्र में सीएम को ये नहीं बताया है कि यहां आबादी पहले आयी या शमशान घाट पहले आया। सूत्र बताते हैं कि बिल्डरों के एक समूह ने जीडीए के साथ मिलकर शमशान घाट को हटाने की तैयारी कर ली है। टीएचए की एक बड़ी आबादी यहां अपने मृतकों के दाह संस्कार के लिए आतीहै। जिन विधायक की बात हो रही है वो दूसरे जिले के विधायक हैं और उन्हें यहां प्लॉट आवंटित हुआ है। लेकिन यहां पर शमशान घाट के समर्थन में क्षेत्रीय पार्षद आ गये हैं। पार्षदों ने मोर्चा खोला है, और उन्होंने साफ कह दिया कि किसी भी कीमत पर शमशान घाट को नहीं हटने देंगे। पूरे इंदिरापुरम, वैशाली , कौशाम्बी, कनावनी, वसुन्धरा, न्यायखंड से यहां लोग आते हैं। अगर इसे हटाया गया तो लोगों को यहां बेहद कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। सूत्र बता रहे हैं कि दूसरे जिले के विधायक की तमन्ना के खिलाफ यहां के क्षेत्रीय पार्षदों ने मोर्चा खोल दिया है। यहां पर पार्षद राधेश्याम त्यागी से लेकर पार्षद गौरव सोलंकी और अन्य पार्षद यहीं पर शमशान घाट बने रहने की मुहिम में हैं। उनका कहना है कि यह पूरे क्षेत्र की मांग है। एक बहुत बड़ी आबादी के लिए यहां यह शमशान घाट है। और जमीन जब शमशान घाट के लिए आवंटित की गयी है तो इसे कहीं और शिफ्ट किये जाने का सवाल ही नहीं उठता है। अब देखना यही है कि विधायक जी के प्लॉट के लिए क्या शमशान घाट में ताला लगेगा या क्षेत्र की जनता के लिए बनी कोई जगह उसी के लिए रखी जायेगी।

### बिल्डरों के फायदे के लिए 50 साल पुराना श्मशान घाट हटाने की साजिशः राधेश्याम त्यागी



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। इंदिरापुरम के शक्ति खंड-4 स्थित प्राचीन शमशान घाट को लेकर विवाद गहरा गया है। मकनपुर वार्ड 57के पार्षद राधेश्याम त्यागी ने अधिकारियों पर बिल्डर को अनुचित लाभ पहुँचाने का आरोप लगाते हुए तीखा हमला बोला है। राधेश्याम त्यागी ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि 50 साल पुराने इस श्मशान घाट के अस्तित्व से छेड़छाड़ की गई, तो वह चुप नहीं बैठेंगे और प्रशासन की ईंट से ईंट बजा देंगे। इंदिरापुरम वार्ड 57 के पार्षद राधेश्याम त्यागी ने शक्ति खंड-4 के श्मशान घाट को शिफ्ट करने की कोशिशों का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने कहा कि यह घाट केवल एक ढांचा नहीं, बल्कि क्षेत्र की जरूरत है जिसने कोविड काल जैसी आपदा में हजारों परिवारों की मदद की थी। उन्होंने अधिकारियों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि इंदिरापुरम की जनता इस ₹साजिश₹ के खिलाफ उनके साथ खड़ी है और किसी भी कीमत पर श्मशान घाट को हटने नहीं दिया जाएगा।

# इस मुलाकात के हैं पॉलिटिक्स में मायने हजारों

## डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के साथ क्या हुई है रामअवतार जिंदल की बात





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में हर मुलाकात का एक अर्थ होता है। मुलाकात मंच पर हो, मुलाकात ड्राईंग रूम में हो, मुलाकात कार्यक्रम में हो मगर मुलाकात के मायने होते हैं। कई बार कुछ खास चेहरों की कुछ खास चेहरों से मुलाकात होती है तो यहीं से संदेश निकलता है कि राजनीति में चल क्या रहाहै। राजनीति की नयी परिभाषा पर अगर गौर करें तो ये नये चेहरों की राजनीति का युग चल रहा है। एक दशक में यहां राजनीतिने नये चेहरे दिये हैं। भाजपा की बात करें तो यहां दस साल में राजनीतिक जमीन किसी के लिए बहुत उपजाऊ हो गयी है और किसी के लिए राजनीति ने हाशिये पर कर दिया है। समय के साथ यहां राजनीति कई नये चेहरों को ले आयी है। ये चेहरे अब मुख्य राजनीति का मुख्य चेहरा हैं।

राजनीति में मुलाकातों की बात हो रही है तो इन दिनों एक मुलाकात सुर्खियों में बनी हुई है। इस मुलाकात के मायने निकाले जारहे हैं। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के साथ समाजसेवी रामअवतार जिंदल की एक मुलाकात हुई। रामअवतार जिंदल प्रतिष्ठित प्रोफाईल के नेताहैं और वो राजनीतिक मजबूती भी लिये हुए हैं लेकिन वो धर्म, संस्कृति, सनातन और सामाजिक गतिविधियों में रूची लेते हैं। परोपकार उनके व्यक्तिव का हिस्सा है और वो समाजसेवा और परोपकार के लिए राजनीति में आना चाहते हं। वो राजनीति को जनसेवाका सेवा का सबसे बड़ा माध्यम मानते हैं। दैनिक करंट क्राइम ने उन्हें लेकर पहले भी संकेत दिये थे। वो शिक्षा से जुड़ी संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं। उनकी एक तस्वीर वायरल हो रही है। इस तस्वीर में वो डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से मुलाकात कर रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि इस मुलाकात में कई बातें हुई हैं। ये मुलाकात इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि एक दिन पहले ही डिप्टी सीएम गाजियाबाद वालों को अपना भाई बताकर गये हैं। ये कहकर गये हैं कि आपलोग मुझे कभी भी फोन कर सकते हैं, पत्र लिख सकते हैं। इसी के बाद ये तस्वीर आयी है। इस तस्वीर में मुलाकात है और इस मुलाकात को आने वाले सियाससी परिदृश्य से जोड़कर देखा जा रहा है। संबंधों की एक कैमेस्ट्री से जुड़ी ये मिस्ट्री है। मुलाकातों का ये दौर राजनीति में कुछ और ही संदेश लेकर आयेगा।

# भाजपा में मिलता है साधारण कार्यकर्ता को असाधारण सम्मान : जगदीश साधना

## कार्यकर्ता को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने वाली पार्टी है भाजपा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश साधना ने नितिन नवीन के राष्ट्रय अध्यक्ष घोषित होने पर उन्हें बधाई और शुभकामनायें दीं। वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश साधना ने कहा कि कार्यकर्ता को सम्मान ही भारतीय जनता पार्टी देती है। पूरे विश्व में भाजपा ही एक मात्र ऐसा राजनीतिक दल है जहां सबसे छोटे साधारण कार्यकर्ता को ही देवतुल्य कहा जाता है। यहां पर जनप्रतिनिधि और संगठन पदाधिकारी होने से पहले आपका भाजपा कार्यकर्ता होना एक अनिवार्य शर्त है। जगदीश साधना ने कहा कि नितिन नवीन को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाकर भाजपा ने पूरे देश और दुनिया के सामने एक आदर्श स्थापित किया है। पूरे विश्व में भाजपा की दलीय लोकतांत्रित व्यवस्था का खूबसूरत संदेश गया है। ये बताया है कि भाजपा ही एक मात्र ऐसा दल है जहां एक साधारण कार्यकर्ता भी पार्टी के सबसे शीर्ष स्तर यानी राष्ट्रीय अध्यक्ष वाली कुर्सी पर बैठ सकताहै। ये भाजपा की डैमोक्रेटिक खूबसूरती है। उन्होंने नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर उन्हें बधाई और शुभकामनायें दीं। उन्होंने कहा कि भाजपा में एक नया युग शुरू हो रहा है। एक ऐसा युग जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष भी युवा बनाये गये हैं। देश नये भविष्य का निर्माण कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश की सबसे बड़ी पार्टी के लिए उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष का युवा होना अन्य दलों के लिए भी एक प्रेरणा है। एक साधारण कार्यकर्ता को भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने का जज्बा भाजपा के भीतर है। ऐसा केवल भाजपा ही कर सकती है। वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश साधना ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नितिन नवीन लाखों करोड़ों युवाओं की प्रेरणा बनेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नितिन नवीन भाजपा को बहुत ऊंचाईयों पर ले जायेंगे।

## संपादकीय

# हर बच्चे का घर

अगर निसंतान दंपति अपनी सामाजिक सोच बदलें, तो बड़ी उम्र के बच्चों को भी परिवार मिल सकता है और उनका भविष्य संवर सकता है। वैसे भी बड़े बच्चे समझदार होते हैं और धीरे-धीरे माता-पिता से जुड़ाव के साथ नए परिवार में भी घुल-मिल जाते हैं।

यह विचित्र विडंबना है कि एक ओर बड़ी संख्या में दंपति बच्चों को गोद लेने के लिए बरसों इंतजार करते हैं, तो दूसरी ओर ऐसे अनाथ बच्चे भी हैं, जो उम्र बढ़ने के साथ गोद लिए जाने से वंचित रह जाते हैं। केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण के आंकड़े बताते हैं कि गोद लेने के मामले में समाज का नजरिया किस कदर संकुचित है। इस समय प्राधिकरण के पास ऐसे कई बच्चे हैं, जिनकी उम्र छह वर्ष या इससे अधिक हो गई है।

यह दुखद है कि कई दंपति बच्चा तो गोद लेना चाहते हैं, लेकिन साथ ही उम्र सीमा भी तय कर देते हैं। आज भी लोग नवजात शिशु अथवा पांच साल तक के बच्चों को ही गोद लेना पसंद करते हैं। सवाल है कि संतान सुख पाने के लिए क्या यह नजरिया सही है? उम्र और रंग-रूप के आधार पर बच्चों में भेदभाव करने की प्रवृत्ति को स्वस्थ सोच कहा जा सकता है?

गौरतलब है कि गोद लेने की प्रक्रिया के साथ प्रतीक्षा सूची लंबी होने का खमियाजा बच्चों को ही भुगतना पड़ता है। कई बार दंपति की जटिल शर्तों से उनकी उपेक्षा ही होती है। इस जद्दोजहद के बीच कई बच्चे पांच-छह साल की उम्र पार कर जाते हैं और उनके गोद लिए जाने की उम्मीद धुंधली होती जाती है। अगर निसंतान दंपति अपनी सामाजिक सोच बदलें, तो बड़ी उम्र के बच्चों को भी परिवार मिल सकता है और उनका भविष्य संवर सकता है।

वैसे भी बड़े बच्चे समझदार होते हैं और धीरे-धीरे माता-पिता से जुड़ाव के साथ नए परिवार में भी घुल-मिल जाते हैं। अगर दंपति धैर्य रखें और ऐसे बच्चों को प्यार एवं प्रोत्साहन दें, तो यह उनके लिए भी सुखद होगा। निस्संदेह हर बच्चे का अपना घर-परिवार होना चाहिए। इसलिए सामाजिक सोच में बदलाव जरूरी है, ताकि अनाथ बच्चों को भी सामान्य बच्चों की तरह खुशहाल जिंदगी मिल सके और वे अपने सपनों को पूरा कर सकें। परिवार में शामिल होने पर अनाथ बच्चे खुद को मूल्यवान महसूस करते हैं व इससे न केवल उनका आत्मविश्वास बढ़ता है, बल्कि वे समाज में सम्मान के भी हकदार होते हैं।

# इंडिगो पर डीजीसीए की कार्रवाई पर सवाल

## पायलटों की संस्था ने 22.20 करोड़ के जुर्माना को बताया नाकाफी



**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की ओर से दिसंबर में बड़े पैमाने पर उड़ानों को रद्द करने और लाखों यात्रियों को परेशानी में डालने के मामले में विमानन नियामक डीजीसीए की कार्रवाई सवालों के घेरे में आ गई है। पायलट्स की संस्था 'फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट' (एफआईपी) ने नियामक की ओर से लगाए गए 22.20 करोड़ रुपये के जुमार्ने को 'बेहद मामूली' बताते हुए इसकी कड़ी आलोचना की है। एफआईपी ने कहा है कि यात्रियों और विमान की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता और न ही इसका व्यापार किया जा सकता है।

एफआईपी की यह प्रतिक्रिया डीजीसीए की ओर से शनिवार को इंडिगो पर जुमार्ना लगाने और शीर्ष अधिकारियों को चेतावनी देने के बाद आई है। नियामक ने अपनी जांच में पाया कि एयरलाइन ने नए ड्यूटी नियमों (एफडीटीएल) के अनुपालन में लापरवाही बरती थी।

**एफडीटीएल और सुरक्षा से खिलवाड़ का आरोप क्यों :** विवाद की मुख्य वजह 'फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन' यानी पायलटों के ड्यूटी और आराम के घंटे हैं। डीजीसीए ने व्यवधान का मुख्य कारण परिचालन पर अधिक जोर और सिस्टम सॉफ्टवेयर में कमियों को बताया है। रंधावा ने तीखा सवाल करते हुए कहा, आप जुमार्ने के बदले एफडीटीएल का सौदा नहीं कर सकते। क्रू के लिए ड्यूटी और आराम के नियम यात्रियों और उड़ान की सुरक्षा के लिए होते हैं। उन्होंने यह भी पूछा कि अगर विमान, पायलट और केबिन क्रू उपलब्ध थे, तो उड़ानों को डिस्पैच क्यों नहीं किया गया?। गौरतलब है कि डीजीसीए ने इंडिगो को नए एफडीटीएल नियमों का पालन करने के लिए 10 फरवरी तक का समय दिया है। नियामक ने एयरलाइन के विंटर शेड्यूल में 10 प्रतिशत की कटौती की है।

### एफआईपी ने नियामक की कार्रवाई पर क्यों उठाए सवाल?

एफआईपी के अध्यक्ष जीएस रंधावा ने पीटीआई से बातचीत में डीजीसीए की कार्रवाई को एक मजाक करार दिया। उन्होंने कहा कि नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने संसद में बहुत सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया था, लेकिन क्या सख्त कार्रवाई का मतलब केवल चेतावनी देना है? रंधावा ने कहा कि यह एक संगठन में छोटी गलतियों के लिए दी जाने वाली चेतावनी जैसा है, जबकि इस लापरवाही से एक राष्ट्रीय संकट पैदा हुआ था। डीजीसीए ने अपनी कार्रवाई के तहत इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स और सीओओ इसिड्रे प्रोकेरास को चेतावनी दी है, जबकि ऑपरेशंस कंट्रोल सेंटर (डउउ) के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट जेसन हर्टर को उनके पद से हटाने का आदेश दिया है।

### डीजीसीए ने क्या कार्रवाई की है?

डीजीसीए ने कुल 22.20 करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाया है। इसमें से 20.40 करोड़ रुपये का जुमार्ना 5 दिसंबर 2025 से 10 फरवरी 2026 तक यानी 68 दिनों के गैर-अनुपालन के लिए है। यह राशि प्रति दिन 30 लाख रुपये बैठती है। पायलटों की संस्था ने इसकी तुलना अमेरिका से की है। एफआईपी ने उदाहरण देते हुए कहा कि अमेरिकी परिवहन विभाग ने 2022 में क्रिसमस के दौरान उपभोक्ता संरक्षण कानूनों के उल्लंघन के लिए साउथवेस्ट एयरलाइंस पर 14 करोड़ डॉलर (लगभग 1,160 करोड़ रुपये) का जुमार्ना लगाया था और वह राशि प्रभावित यात्रियों में बांटी गई थी।

### एफआईपी ने जांच पर क्यों उठाया सवाल?

डीजीसीए के अनुसार, 3 से 5 दिसंबर के बीच 2,507 उड़ानें रद्द हुईं और 1,852 उड़ानें लेट हुईं, जिससे 3 लाख से अधिक यात्री प्रभावित हुए। हालांकि, एफआईपी ने जांच की अवधि पर सवाल उठाए हैं। रंधावा का दावा है कि रद्दीकरण 2 दिसंबर से शुरू होकर 15 दिसंबर तक चला और उसके बाद भी जारी रहा, लेकिन जांच रिपोर्ट में केवल 3 से 5 दिसंबर का जिक्र है।

# आईएमएफ ने भारत की ग्रोथ अनुमान बढ़ाया

## 2025-26 में 7.3% विकास दर



**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (क्टऋ) द्वारा जारी किए गए नवीनतम अनुमानों ने भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रति वैश्विक विश्वास को और मजबूती दी है। वैश्विक व्यापारिक तनावों के बावजूद भारत की विकास यात्रा अपनी गति बनाए हुए है। वैश्विक व्यापार नीतियों में अनिश्चितता और टैरिफ के बढ़ते तनाव के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था ने दुनिया को अपनी मजबूती का परिचय दिया है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने सोमवार, 19 जनवरी 2026 को जारी अपनी 'वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक' रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की विकास दर का अनुमान 0.7 प्रतिशत बढ़ाकर 7.3% कर दिया है।

भारत में, 2025 के लिए ग्रोथ को 0.7 प्रतिशत अंक बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत कर दिया गया है, जो साल की तीसरी तिमाही में उम्मीद से बेहतर नतीजों और चौथी तिमाही में मजबूत गति को दिखाता है। 2026 और 2027 में ग्रोथ 6.4 प्रतिशत तक कम होने का अनुमान है क्योंकि साइक्लिकल और अस्थायी कारक कमजोर होंगे।

कैलेंडर वर्ष 2026 और 2027 के लिए, इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड ने क्रमशः 6.3 प्रतिशत और 6.5 प्रतिशत ग्रोथ का अनुमान लगाया है।

### विश्व अर्थव्यवस्था में 3.3% विस्तार का अनुमान

191 देशों के इस कर्ज देने वाले संगठन को उम्मीद है कि इस साल ग्लोबल ग्रोथ 3.3 प्रतिशत रहेगी, जो 2025 के समान है, लेकिन अक्टूबर में 2026 के लिए अनुमानित 3.1 प्रतिशत से अधिक है। भारत का मजबूत आउटलुक मजबूत घरेलू मांग, लगातार सार्वजनिक निवेश और निजी पूंजीगत खर्च में धीरे-धीरे सुधार पर आधारित है। अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में, भारत की ग्रोथ की राह काफी मजबूत बनी हुई है : 2026 में संयुक्त राज्य अमेरिका में 2.4 प्रतिशत, चीन में 4.5 प्रतिशत और यूरो क्षेत्र में मामूली 1.3 प्रतिशत की दर से ग्रोथ का अनुमान है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- जब आप झूठ बोलते है आपकी नाक गर्म हो जाती है।
- अगर आप किसी को पहले से संदेश भेजते हैं तो 90 प्रतिशत संभावना है कि वो इंसान आप में रुचि नहीं रखता है।
- होमोसेक्सुएलिटी को स्वीडन में 1979 तक एकबीमारी समझा जाता था।
- बिल्लियां अपने चेहरे को अगर किसी चीज से घिसती हैं तो उसका मतलब है कि वो उसे अपनी चीज समझती हैं।
- अगर आप हेडफोन का एक घंटे तक इस्तेमाल करते हैं इसका मतलब होता है कि आपके कानों में बैक्टिरिया 700 गुना तक बढ गये हैं।
- पादने से शरीर का ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रहता हैं।
- काले रंग के लोगो को कम दिल का दौरा पड़ता हैं।
- आप चौंक जायेंगे जब आप देखेंगे कि कोका कोला का इस्तेमाल टायलेट धोने में भी किया जा सकता है।
- आपके पेट में एक दुसरा दिमाग होता है जिसे एनट्रेरिक नर्वस सिस्टम कहते हैं। इसी से अंग्रेजी में अक्सर कही जाने वाली लाइन गट फीलिंग आती है।

# 7.3% जीडीपी ग्रोथ का असर: भारत के बीमा क्षेत्र में तेज उछाल, मूडीज का अनुमान



**नई दिल्ली।** भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती और बढ़ती विकास दर का सीधा फायदा अब देश के बीमा क्षेत्र को मिलता दिख रहा है। ग्लोबल रेटिंग एजेंसी मूडीज ने अपनी हालिया रिपोर्ट में उम्मीद जतायी है कि चालू वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी 7.3 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। मूडीज का कहना है कि यह आर्थिक विस्तार न केवल औसत घरेलू आय को बढ़ाएगा, बल्कि बीमा कवरेज की मांग में भी जबरदस्त उछाल लाएगा।

### मूडीज ने भारत की अर्थव्यवस्था के बारे में क्या कहा?

मूडीज रेटिंग्स ने भारत के आर्थिक परिदृश्य पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए कहा है कि वित्त वर्ष 2025-26 (मार्च 2026 में समाप्त होने वाला वर्ष) में अर्थव्यवस्था 7.3 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है, जो पिछले वर्ष के 6.5 प्रतिशत से अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार, आर्थिक विकास का सीधा असर प्रति व्यक्ति आय पर पड़ा है। वित्त वर्ष 2024-25 में जीडीपी प्रति व्यक्ति सालाना आधार पर 8.2 प्रतिशत बढ़कर 11,176 अमेरिकी डॉलर हो गई, जबकि हेडलाइन जीडीपी में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। बढ़ती आय ने लोगों की क्रय शक्ति को मजबूत किया है, जिससे वित्तीय सुरक्षा उत्पादों की मांग बढ़ी है। मजबूत आर्थिक आंकड़ों ने बीमा उद्योग को नई ऊर्जा दी है। मूडीज के आंकड़ों के मुताबिकः

**प्रीमियम में उछालः** 2025-26 के पहले आठ महीनों (अप्रैल-नवंबर) में कुल बीमा प्रीमियम राजस्व 17 प्रतिशत बढ़कर 10.9 लाख करोड़ रुपये हो गया।

**सेगमेंट अनुसार वृद्धिः** हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम में 14 प्रतिशत और लाइफ इंश्योरेंस के नए बिजनेस प्रीमियम में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई है। इस वृद्धि के पीछे भारतीय उपभोक्ताओं में बढ़ती जोखिम जागरूकता और अर्थव्यवस्था के निरंतर डिजिटलीकरण को मुख्य कारण माना है।

# तीन साल बाद गेहूं निर्यात में राहत, 5 लाख टन आटा निर्यात को मंजूरी



**नई दिल्ली।** गेहूं उत्पादक किसानों और निर्यातकों के लिए एक बड़ी खबर है। भारत सरकार ने गेहूं के आटे और संबंधित उत्पादों के निर्यात पर लगी रोक में महत्वपूर्ण ढील दी है। सरकार ने एक अधिसूचना जारी कर पांच लाख टन गेहूं के आटे के निर्यात की अनुमति दे दी है। यह फैसला उद्योग के लिए एक बड़ी राहत के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि केंद्र सरकार ने 2022 में घरेलू कीमतों को नियंत्रित करने और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। तीन साल से अधिक के अंतराल के बाद, यह प्रतिबंधों में पहली बड़ी ढील है। भारत, जो इस कमोडिटी का एक प्रमुख उत्पादक है, अब वैश्विक बाजार में अपनी सीमित उपस्थिति फिर से दर्ज करा सकेगा। हालांकि, मौजूदा नीतिगत शर्तों से ऊपर उठते हुए, सरकार ने विशिष्ट रूप से 5 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) तक के निर्यात की अनुमति दी है। इस कोटे का लाभ उठाने के लिए निर्यातकों को महानिदेशालय से अनुमति लेनी होगी और इसके लिए एक निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन करना होगा। जो अक्तूबर के अंत से नवंबर तक चलती है। आवेदन की प्रक्रिया और महत्वपूर्ण तारीखें क्या हैं? डीजीएफटी ने निर्यातकों के लिए आवेदन की समय सीमा और प्रक्रिया स्पष्ट कर दी है। जो निर्यातक इस 5 लाख टन के कोटे के तहत शिपमेंट भेजना चाहते हैं, उनके लिए आवेदन की समय सारिणीबइस प्रकार हैः

**पहला चरणः** आवेदनों का पहला सेट 21 जनवरी, 2026 से 31 जनवरी, 2026 तक आमंत्रित किया जाएगा।

**रोलिंग विंडोः** इसके बाद, यदि निर्यात की अनुमति वाली मात्रा शेष रहती है, तो हर महीने के आखिरी दस दिनों के दौरान आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे।

**वैधताः** निर्यात मंजूरी की वैधता इसे जारी होने की तारीख से छह महीने तक होगी। मात्रा का आवंटन एक विशेष 'एग्जिम सुविधा समिति' की ओर से तय किया जाएगा। सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि केवल वैध और स्थापित खिलाड़ी ही इस निर्यात विंडो का लाभ उठा सकें। अधिसूचना के अनुसार, आवेदन करने के लिए निम्नलिखित पात्रता मानदंड तय किए गए हैंः

**निमार्ता निर्यातकः** फ्लोर मिल्स या प्रोसेसिंग यूनिट्स जिनके पास गेहूं का आटा और संबंधित उत्पाद बनाने के लिए वैध आईईसी और एफएसएसएआई लाइसेंस है, वे आवेदन कर सकते हैं।

**मर्चेंट निर्यातकः** निर्यात प्रसंस्करण इकाइयों और विशेष आर्थिक क्षेत्रों के अलावा, मर्चेंट निर्यातक भी आवेदन कर सकते हैं। शर्त यह है कि उनके पास वैध आईईसी और एफएसएसएआई लाइसेंस होना चाहिए, साथ ही सहायक निमार्ता के रूप में कार्य करने वाली फ्लोर मिलों के साथ वैध समझौता या आपूर्ति समझौता होना अनिवार्य है।

## राशिफल

**मेष :** नए मौके के साथ-साथ अच्छी खबर भी मिल सकती है। काम को मनोरंजन के साथ न मिलाएँ। ऐसी जानकारियों को उजागर न करें जो व्यक्तिगत गोपनीय हों।

**वृष :** दिन उतार-चढ़ाव से भरा रहेगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा, काम के सिलसिले में अच्छे नतीजे मिलेंगे। बरसों से जिस दिन की तलाश थी आज वही दिन है।

**मिथुन :** आज दिन पहले की अपेक्षा बेहतर रहेगा। थोड़ी-सी मेहनत से ही आपको बड़ा मुनाफा मिल सकता है। आप जीवनसाथी के साथ डिनर का प्लान बना सकते हैं।

**कर्क :** आज बेरोजगार लोग कोशिश करेंगे और अपने कड़ी मेहनत का पूरा परिणाम प्राप्त करेंगे। जीवन साथी से समर्थन प्राप्त होगा।

**सिंह :** आप प्रयासों को गति देंगे। लाभ बढ़ेगा और इनकम में बढ़ोतरी होगी। कोई नया आइडिया आप को आगे बढ़ाने में सहायक साबित होगा।

**कन्या :** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। परिवार वालों के साथ धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए जायेंगे। आपके मित्रों की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है।

**तुला :** आज सभी कार्यो में आपके लिये प्रवेश द्वार खुले नजर आएंगे। नए कामकाज की योजना भी बना सकते हैं। नया वाहन नए घर का सुख संयोग में है।

**वृश्चिक :** आपको खर्चो पर नियंत्रण पाने के लिए अपना बजट प्लान करने की जरूरत है। आपके खर्चे काफी बढ़े हुए जिन्हें नियंत्रण में रखना आपकी जिम्मेदारी है।

**धनु :** आज दिन शानदार रहेगा। कोई दोस्त आपसे घर पर मिलने आ सकता है। साथ में कोई मूवी देखने का प्लान बना सकते हैं। आपके अधूरे काम पूरे हो जायेंगे।

**मकर :** आज का दिन आत्मविश्वास में बढ़ोतरी के संकेत दे रहा है। कोई करीबी दोस्त फरेब कर सकता है। आपका सामना कठिनाईयों से हो सकता है।

**कुंभ :** आपको आज भाग्य का साथ मिलेगा। थोड़ा संघर्ष आपने किया है, उसका फल भी आपको आज मिल सकता है। किसी सुखद यात्रा पर जाने के योग बनेंगे।

**मीन :** आज तरक्की के नये साधन मिल सकते हैं। अच्छे लोगों से आपकी मुलाकात दिन को और बेहतर बना सकती है। आज आपका मूड काफी अच्छा रहेगा।

## चुटकुले

टीचर : पप्पू, होमवर्क क्यों नहीं किया?
पप्पू : मैडम, आज दिमाग अपडेट हो रहा था।
टीचर : कितना टाइम लगेगा?
पप्पू : जब तक रीस्टार्ट न हो जाए!

---

पत्नी : सुनो जी, मैं कुछ बोलूँ?
पति : बोलो।
पत्नी : रहने दो।
पति : यही वो पल है जहाँ दिल डर जाता है!

---

दोस्त : भाई, आजकल बहुत फिट दिख रहा है!
गोलू : हाँ यार, डाइट पर हूँ।
दोस्त : क्या खाता है?
गोलू : सब कुछ... बस प्लेट छोटी कर ली!

---

बॉस : काम कब तक होगा?
कर्मचारी : सर, लगभग हो गया है।
बॉस : मतलब?
कर्मचारी : लगभग शुरू होने वाला है!

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

20 01 2026 करंट क्राइम

## आज के जन्मदिन




सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com



# कोको गॉफ-अनिसिमोवा और मेदवेदेव दूसरे दौर में

## सोफिया केनिन उलटफेर का शिकार




**मेलबर्न।** तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ को अपनी सर्विस पर कुछ परेशानी का सामना करना पड़ा, लेकिन इसके बावजूद वह अमांडा अनिमिसोवा और दानिल मेदवेदेव के साथ सोमवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंचने में सफल रही। गॉफ ने पहले दौर के मैच में कामिला रखिमोवा को सीधे सेटों में 6-2, 6-3 से पराजित किया।

गॉफ ने दो ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं, लेकिन मेलबर्न पार्क में वह कभी सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई हैं। पिछले साल वह क्वार्टरफाइनल में बाहर हो गई थीं। अमेरिकी खिलाड़ी को फिर से डबल फॉल्ट की समस्या से जूझना पड़ा। दूसरे दौर में गॉफ का सामना ओल्गा डैनिलोविच से होगा। डैनिलोविच ने रविवार को पहले दौर के मैच में 45 वर्षीय वीनस विलियम्स को हराया था।

महिला वर्ग के अन्य महत्वपूर्ण मैचों में विश्व रैंकिंग में चौथे नंबर की खिलाड़ी और पिछले दो ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाली अमांडा अनिसिमोवा ने सिमोना वाल्टरट को 6-3, 6-2 से, नंबर छह जेसिका पेगुला ने अनास्तासिया जखारोवा को 6-2, 6-1 से और नंबर 14 क्लारा टौसन ने डाल्मा गाल्फी को 6-3, 6-3 से हराया।

इस बीच 27वीं वरीयता प्राप्त और 2020 की चैंपियन सोफिया केनिन का खराब प्रदर्शन जारी रहा। वह पहले दौर में हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी पेटन स्टर्न्स से 6-3, 6-2 से हार गईं। स्टर्न्स का अगला मुकाबला क्रोएशिया की पेट्रा मार्किकी से होगा। एम्मा नवारो भी पोलैंड की मैग्डा लिनेट से तीन सेटों में हार गईं। पुरुषों के वर्ग में कनाडा की सातवीं वरीयता प्राप्त फेलिक्स औगर अलियासिमे ने पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस के खिलाफ अपना मैच बीच में ही छोड़ दिया। दो घंटे से कुछ अधिक समय तक चले इस मैच में तब बोर्गेस 3-6, 6-4, 6-4 से आगे चल रहे थे।

# 'भारत में खेलो या बाहर हो जाओ'

## आईसीसी की बांग्लादेश को अंतिम चेतावनी



**आईसीसी ने बांग्लादेश से कहा है कि टी20 वर्ल्ड कप भारत में ही खेलना होगा, वरना उसकी जगह दूसरी टीम, संभावित रूप से स्कॉटलैंड को शामिल किया जाएगा। बीसीबी सुरक्षा कारणों से भारत में खेलने से इनकार कर रहा है और श्रीलंका में मैच कराने की मांग कर रहा है।**

**दुबई।** टी-20 विश्व कप 2026 में बांग्लादेश की भागीदारी को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को साफ कह दिया है कि टीम भारत में ही खेलेगी, नहीं तो उसकी जगह दूसरी टीम को शामिल किया जाएगा। आईसीसी ने 21 जनवरी तक का समय दिया है कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड अंतिम फैसला बताकर स्थिति स्पष्ट करे। यह जानकारी ईएसपीएन क्रिकइनफो की रिपोर्ट के जरिए सामने आई। इस मामले में अब पाकिस्तान भी कूद पड़ा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आईसीसी के सामने बात न चलने पर अब बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से संपर्क कर मदद की गुहार लगाई है।

**बीसीबी का रुख: भारत नहीं, श्रीलंका में खेलने की मांग**

आईसीसी और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के बीच पिछले एक सप्ताह में दो दौर की बैठकें हुई हैं। शनिवार को ढाका में हुई बैठक में बीसीबी ने अपना रुख दोहराया कि वे वर्ल्ड कप खेलना चाहते हैं, लेकिन भारत में नहीं।

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने श्रीलंका का विकल्प दिया, जो टी-20 वर्ल्ड कप का सह-आयोजक भी है, लेकिन आईसीसी ने शेड्यूल और ग्रुपिंग में बदलाव से साफ इनकार कर दिया।

बीसीबी की ओर से जताई गई मुख्य आपत्ति सुरक्षा को लेकर है। बोर्ड का कहना है कि भारतीय जमीन पर खिलाड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में जोखिम है। हालांकि, आईसीसी इस पर सहमत नहीं है और उसका कहना है कि मौजूदा शेड्यूल ही लागू रहेगा और बांग्लादेश ग्रुप सी का हिस्सा बना रहेगा।

**आईसीसी का जवाब: सुरक्षा में कोई खास खतरा नहीं**

आईसीसी ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को भरोसा दिलाया है कि सुरक्षा खतरे जैसी कोई गंभीर स्थिति नहीं है। एक स्वतंत्र सुरक्षा एजेंसी की रिपोर्ट के हवाले से आईसीसी ने बताया कि भारत में सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा गया है और वहां सुरक्षा स्थिति उच्च श्रेणी की है।

इसके बावजूद बीसीबी अपनी मांग पर अड़ा हुआ है और विवाद करीब तीन सप्ताह से जारी है।

# भारतीय टीम का अंधकारमय दौर, गंभीर काल के 17 अनचाहे रिकॉर्ड्स



**नई दिल्ली।** गौतम गंभीर के कार्यकाल में टीम इंडिया ने कुछ बड़े टूर्नामेंट जीते, परंतु इसके साथ टेस्ट और वनडे में ऐसे ऐतिहासिक हार देखी जो पिछले काफी समय से नहीं हुई थीं। 17 अनचाहे रिकॉर्ड्स, घर में टेस्ट व्हाइटवॉश, वनडे सीरीज में हार, कप्तानी विवाद और खिलाड़ियों की फॉर्म का पतन, इन सबने भारतीय क्रिकेट की दिशा को कठघरे में खड़ा कर दिया है। घर में न्यूजीलैंड से हार ने इस चर्चा को और तेज कर दिया है कि टीम गंभीर काल में कहां खो गई?

भारतीय क्रिकेट फिलहाल एक उलझन भरे मोड़ पर खड़ा है। पिछले एक दशक में टीम इंडिया ने कई ऊंचाइयों को छुआ। भारतीय टीम आईसीसी फाइनल्स में पहुंची...दो-दो आईसीसी ट्रॉफियां जीतीं, बल्लेबाजों ने विश्व स्तरीय रिकॉर्ड्स बनाए, मजबूत गेंदबाजी के दम पर घर में टेस्ट और वनडे में रिकॉर्ड्स भी बनाए, लेकिन गौतम गंभीर के कोचिंग दौर में ऐसा लग रहा है कि मंजिल धुंधली हो गई है।टेस्ट में लगातार ऐतिहासिक हार, घर में न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका जैसी टीमों के सामने टेस्ट और वनडे में हार,, बड़े चेज चूकना, दो दशक पुराने रिकॉर्ड्स का टूटना, सब मिलाकर क्रिकेट प्रेमियों में बेचैनी बढ़ गई है। हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ घर में 1-2 से वनडे सीरीज हार, इस बहस को फिर जिंदा कर गई है।

### गंभीर की देखरेख में वनडे सीरीज का रिकॉर्ड

भारत ने गंभीर की कोचिंग में अब तक पांच प्रमुख द्विपक्षीय वनडे सीरीज खेली हैं और नतीजे चौंकाने वाले हैं। भारत ने पांच में से तीन सीरीज गंवाई हैं वह भी घर में और बाहर दोनों जगह। 2023 वनडे विश्व कप के बाद इस प्रारूप में भारत का हाल खराब रहा है। यानी संतुलन टूटा हुआ है और किसी भी शीर्ष टीम के लिए यह रिकॉर्ड खतरे की घंटी है।

### गंभीर के कार्यकाल में कौन-कौन सी सीरीज खेली गईं

इस दौरान भारत ने तीनों प्रारूपों में भारी उतार-चढ़ाव देखा। भारत की टेस्ट टीम, जिसे कभी घरेलू सरजमीं पर 'अजेय दीवार' कहा जाता था, अब लगातार हार का सामना कर रही है। न्यूजीलैंड के खिलाफ 0-3 की हार के बाद दक्षिण अफ्रीका के हाथों 0-2 की सीरीज हार ने भारतीय क्रिकेट में हलचल मचा दी। क्रिकेट विश्लेषकों, पूर्व दिग्गजों और फैंस इस हार के लिए भारतीय खिलाड़ियों के साथ-साथ कोच गंभीर को भी जिम्मेदार मान रहे हैं। कोच गंभीर प्रेस कॉन्फ्रेंस में आकर खुद पर आलोचनाओं का जवाब दे चुके हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें हटाने या नहीं हटाने का फैसला बीसीसीआई के हाथों में हैं, लेकिन बोर्ड को उनकी सफलताएं नहीं भूलनी चाहिए। अब एक बड़ा सवाल है क्या भारत की टेस्ट गिरावट के लिए गौतम गंभीर जिम्मेदार हैं? इस सूची में चैंपियंस ट्रॉफी जीतना सूर्य की एक किरण की तरह दिखाई देता है, लेकिन व्यापक तस्वीर अभी भी धुंधली है।

### गंभीर के दौर के 17 अनचाहे रिकॉर्ड चिंता की वजह

भारतीय क्रिकेट में कुछ रिकॉर्ड बनते हैं, कुछ बनाना कोई नहीं चाहता, लेकिन गंभीर काल में बने कुछ रिकॉर्ड्स फैंस को अंदर तक झकझोर गए। ये ऐसे रिकॉर्ड्स थे, जो भारत को अपनी सरजमीं पर मजबूत बनाते थे, लेकिन विपक्षी टीमों ने इस दीवार को ढहा दिया। मिशन 2027 वनडे विश्व कप को देखते हुए भी ये अनचाहे रिकॉर्ड्स परेशानी खड़ी करते हैं। इतिहास के इन धब्बों को नजरअंदाज करना अब मुश्किल है। टेस्ट टीम में बार-बार बदलाव: सेट कॉम्बिनेशन गायब है।

विशेषज्ञों की जगह ऑलराउंडर्स को तवज्जो दी जा रही है, जबकि टेस्ट में स्पेशलिस्ट खिलाड़ी मायने रखते हैं। पिछले एक साल में भारत ने बार-बार टीम चुनी, पिच चुनी, रणनीति बदली, पर स्थिरता कहीं नहीं दिखाई दी। पहली गलती के बाद ही खिलाड़ियों को बाहर करने की नीति ने टीम का आत्मविश्वास तोड़ दिया।

सीनियर खिलाड़ियों का रिटायरमेंट विवाद: विराट कोहली, रोहित शर्मा और अश्विन ने टेस्ट को अलविदा कह दिया। फैंस ने कहा कि टीम मैनेजमेंट और कोच की ओर दबाव बनाया गया।

# न्यूजीलैंड से हार पर भड़के फैंस कोच गंभीर पर निकला गुस्सा



**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज हार के बाद गौतम गंभीर सोशल मीडिया पर भारी ट्रोलिंग का शिकार हुए। उनकी कोचिंग में भारत ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं, लेकिन वनडे और टेस्ट रिकॉर्ड कमजोर रहा है। फैंस ने रिटायरमेंट, कप्तानी बदलाव और सीरीज हार को लेकर गंभीर पर सवाल उठाए। आगामी पांच महीनों में भारत वनडे नहीं खेलेगा, ऐसे में विशेषज्ञों का मानना है कि टीम और प्रबंधन में बड़े बदलाव संभव हैं।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच इंदौर के होल्कर स्टेडियम में खेले गए निर्णायक तीसरे वनडे में टीम इंडिया को 41 रन से हार झेलनी पड़ी और इसके साथ ही न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम की। यह भारत की घरेलू जमीन पर पहली वनडे सीरीज हार थी। बतौर वनडे कप्तान शुभमन गिल को अपनी पहली घरेलू सीरीज में हार झेलनी पड़ी। इससे पहले बतौर वनडे कप्तान अपनी पहली सीरीज में भी गिल को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2-1 से शिकस्त झेलनी पड़ी थी। टेस्ट के बाद अब वनडे में गिल और कोच गौतम गंभीर की जुगलबंदी काम नहीं आ रही है और भारत घरेलू जमीन पर हार के अनचाहे रिकॉर्ड्स बना रहा है। कीवियों से हार के बाद भारतीय क्रिकेट फैंस ने सोशल मीडिया पर नाराजगी जाहिर की और कोच गंभीर की जमकर आलोचना की।

ट्रोल्स ने बनाया गंभीर को निशाना

भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर की आलोचना सबसे ज्यादा देखने को मिली। सोशल मीडिया पर कई जगह यूजर्स ने टीम की रणनीति, फॉर्मेट बदलाव और खिलाड़ियों के उपयोग को लेकर गंभीर को जिम्मेदार ठहराया। गंभीर की कोचिंग अवधि में टी20 में सफलता के बावजूद वनडे और टेस्ट में निराशाजनक परिणामों ने आलोचना को और बढ़ाया। दक्षिण अफ्रीका से टेस्ट सीरीज में हार के बाद भी गंभीर की खूब आलोचना हुई थी और तब उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि लोगों को बतौर कोच उनकी उपलब्धियों का भी ध्यान रखना चाहिए। हालांकि, अब फैंस ने उसी बयान जिक्र करते हुए गंभीर से सवाल पूछे हैं और कहा कि वह किन उपलब्धियों का जिक्र कर रहे थे, क्योंकि टीम इंडिया की रिकॉर्ड जीत से ज्यादा विदेशी टीमों द्वारा भारत आकर बनाए गए रिकॉर्ड्स और जीत ज्यादा हैं।

# रोहित-जडेजा की विफलता बनी न्यूजीलैंड से सीरीज हार की वजह



**भारत की 2-1 से न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज हार ने दिखाया कि टीम में कई पुरानी खामियां अब भी मौजूद हैं, रोहित शर्मा की धीमी शुरूआत, जडेजा जैसे प्रमुख खिलाड़ियों की नाकामी, मध्यक्रम की अस्थिरता, गेंदबाजी में धार की कमी और प्लान-बी का अभाव। कोहली की शतकीय पारी जैसी सकारात्मक चीजें थीं, लेकिन एक टीम के रूप में भारत फ्लॉप रहा।**

**नई दिल्ली।** भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे और आखिरी वनडे में 41 रन से हार मिली। इंदौर में मिली इस हार के साथ ही टीम इंडिया ने तीन मैचों की वनडे सीरीज 2-1 से गंवा दी। पिछले तीन महीने के अंदर यह टीम इंडिया की तीन में से दूसरी वनडे सीरीज हार रही। इससे पहले अक्तूबर में भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार मिली थी, लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वापसी ने संकेत दिए थे कि अपने घर में हम अब भी मजबूत हैं, लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू जमीन पर 2-1 की हार ने कई सवाल खड़े कर दिए। यह सिर्फ एक सीरीज हार नहीं थी, बल्कि ऐतिहासिक भी थी, क्योंकि 1988 के बाद पहली बार न्यूजीलैंड ने भारत में कोई द्विपक्षीय वनडे सीरीज जीती। साथ ही, इंदौर में लगातार सात मैच जीतने के बाद भारत पहली बार इस मैदान पर हारा। तीन दशकों में फैले इन रिकॉर्ड्स ने इस हार को और भी गंभीर बना दिया।

अब यह समझना जरूरी है कि इस हार की जड़ में कौन सी कमियां रहीं। क्या यह रोहित शर्मा की पावरप्ले में संघर्ष था? क्या रवींद्र जडेजा की ऑलराउंड भूमिका का गायब होना एक बड़ा कारण बना? या फिर मध्यक्रम का ढहना भारत के लिए निर्णायक साबित हुआ?

1. रोहित शर्मा: पावरप्ले में स्ट्रगल मोड

भारत का पावरप्ले लंबे समय तक रोहित शर्मा की आक्रामकता पर निर्भर रहा है, लेकिन इस सीरीज में उन्होंने न गति दी, न स्थिरता। खराब टाइमिंग, सीमित शॉट चयन और कम स्ट्राइक

# क्या मुश्किल में है जडेजा का वनडे करियर, निशाने पर रवींद्र

**नई दिल्ली।** अगले साल वनडे विश्व कप होना है और उससे पहले भारत का घर में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज हारना काफी चिंताजनक है। इस सीरीज में रवींद्र जडेजा का प्रदर्शन काफी खराब रहा जिस कारण उनकी आलोचना की जा रही है।

भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। पिछले 38 वर्षों में कीवी टीम की भारतीय धरती पर वनडे में यह पहली सीरीज जीत है। इस सीरीज में अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा जिस कारण उन्हें निशाने पर लिया जा रहा है। पूर्व भारतीय खिलाड़ी आकाश चोपड़ा ने भी हार को चुभने वाला बताया।

भारत का निराशाजनक प्रदर्शन

इंदौर के होल्कर स्टेडियम में खेले गए तीसरे और निर्णायक वनडे मुकाबले में कीवियों ने भारत को 41 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। अक्तूबर 2022 के बाद पहली बार ऐसा हुआ जब टॉस जीतने के बावजूद भारत को घरेलू वनडे में हार का सामना करना पड़ा। लगातार 13 जीत के बाद यह सिलसिला भी टूट गया। भारत के लिए यह हार इसलिए भी निराशाजनक है क्योंकि न्यूजीलैंड टीम में ज्यादातर नए खिलाड़ी थे। इस हार के बाद एक बार फिर टीम प्रबंधन की आलोचना हो रही है क्योंकि टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है और भारतीय वनडे टीम में तीन खिलाड़ी ऐसे हैं जिनकी उम्र 36 साल या इससे अधिक है।

रोहित शर्मा, विराट कोहली और रवींद्र जडेजा अपने करियर के आखिरी दौर में है। अगले साल वनडे विश्व कप होना है और भारत को अब इस साल लंबे समय तक वनडे नहीं खेलना है।

कोहली इस वक्त दमदार फॉर्म में चल रहे हैं, जबकि रोहित ने भी कुछ मैचों में अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया है। लेकिन जडेजा का प्रदर्शन चिंताजनक है।

सबसे ज्यादा आश्चर्य की बात यह है कि जडेजा न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में एक भी विकेट नहीं ले सके और ना ही उनके बल्ले से बड़ी पारी निकली।

जडेजा के आंकड़े भी उनके लिए मुश्किलें पैदा कर रहे हैं। 2017 के बाद पहली बार हुआ जब वह तीन मैचों की वनडे सीरीज में एक भी विकेट नहीं ले सके। यहां तक कि फील्डिंग में भी अब वह पहले जैसे नजर नहीं आते और कई मौकों पर उनसे कैच भी छूट जाती है। इंदौर वनडे में भी ऐसा देखने मिला। आकाश चोपड़ा ने जडेजा के प्रदर्शन पर चिंता जताई। उन्होंने अपने यू-ट्यूब चैनल पर कहा, 'रवींद्र जडेजा का प्रदर्शन चिंता का विषय है। उनके लिए हालात बिल्कुल भी अनुकूल नहीं हैं। यह हार उन्हें बेहद चुभेगी।'

## अश्विन ने बताई गिल की तकनीकी खामी



भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कप्तान शुभमन गिल की बल्लेबाजी का विश्लेषण किया है। गिल तीसरे वनडे में काइल जैमिसन की गेंद पर बोल्ड हो गए थे। गेंद गिल के बल्ले और पैड के बीच से निकल गई थी और ऑफ स्टंप पर जाकर लगी।

अश्विन ने बताया कि इस तरह की चूक अक्सर तब होती है जब बल्लेबाज सफेद गेंद और लाल गेंद के क्रिकेट के बीच बदलाव करते हैं। अश्विन ने इस बात पर जोर दिया कि यह कोई बड़ी खामी नहीं थी, बल्कि क्षणिक रूप से ध्यान भटकने और जागरूकता की कमी थी। अश्विन ने गिल की बल्लेबाजी की चार अलग-अलग तस्वीर शेयर की और बताया कि उनकी तकनीक में किस तरह खामी रही। अश्विन ने कहा, सनी (सुनील गावस्कर) भाई बता रहे थे कि इंग्लैंड में शुभमन का बल्ला पैड के बहुत करीब था, जहां उन्होंने बहुत सारे रन बनाए।

# गावस्कर ने कोहली का उदाहरण देकर युवा खिलाड़ियों को दी सलाह, विराट की मानसिकता को जमकर सराहा

**भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर विराट कोहली के प्रदर्शन से काफी प्रभावित हैं। गावस्कर ने युवा खिलाड़ियों को कोहली की मानसिकता से सीखने की सलाह दी है।**

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली इस समय शानदार फॉर्म में चल रहे हैं और उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में शतक लगातार इसका सबूत भी दिया है। कोहली की इस पारी को देखकर दिग्गज भारतीय बल्लेबाज सुनील गावस्कर भी काफी प्रभावित हुए और उन्होंने युवा खिलाड़ियों को कोहली से सीखने की सलाह दे डाली। कोहली की शतकीय पारी भी हालांकि, भारत को सीरीज बचाने में सफल नहीं रही और टीम ने 1-2 के अंतर से सीरीज गंवाई।

### कोहली ने खेली शतकीय पारी

गावस्कर ने कहा कि कोहली की तकनीक के बजाय उनकी मानसिकता ही उन्हें इस प्रारूप के सबसे सुसंगत बल्लेबाजों में से एक बनाती है। कोहली ने इंदौर में 108 गेंदों पर 124 रन बनाए, लेकिन भारतीय टीम 338 रनों के लक्ष्य का पीछा नहीं कर सकी और उसे 41 रन से हार का सामना करना पड़ा। कोहली के खेलने के तरीके का विश्लेषण करते हुए गावस्कर ने बताया कि यह स्टार बल्लेबाज इस बात से प्रभावित नहीं होता कि लोग उससे किस तरह खेलने की उम्मीद करते हैं।

### गावस्कर ने बताया क्यों भारत लक्ष्य का पीछे करने में असफल रहा



गावस्कर ने कहा, विराट कोहली को पूरा सहयोग नहीं मिलने के कारण भारत के लिए चीजें मुश्किल हो गई। कोहली को बहुत कम सहयोग मिला। इस सीरीज में भारत के लिए असली समस्या अच्छी शुरूआत न कर पाना रही है।

कहा भी जाता है कि अच्छी शुरूआत का मतलब आधा काम हो गया। भारत की शुरूआत कभी अच्छी नहीं रही और यही उसकी हार के मुख्य कारणों में से एक है कि वह बड़े स्कोर का पीछा करने में सक्षम नहीं था।

गावस्कर ने कहा, जब आप केएल राहुल जैसे शानदार फॉर्म में चल रहे खिलाड़ी को खो देते हैं और आपके पास नीतीश कुमार रेड्डी हैं, जिन्होंने 53 रन की इस पारी से पहले अपनी क्षमता का सही प्रदर्शन नहीं किया था और फिर हर्षित राणा हैं, जिनसे आप कभी भी पूरी तरह से आश्वस्त नहीं हो सकते कि वह कैसा प्रदर्शन करेंगे तो लक्ष्य तक पहुंचना बड़ी चुनौती बन जाती है। भारत को ठीक इसी स्थिति का सामना करना पड़ा।



### आखिरी तक प्रयास के लिए कोहली को सराहा

गावस्कर ने आखिर तक प्रयास करने के लिए कोहली की प्रशंसा की और दूसरों से उनकी मानसिकता और निरंतरता का अनुकरण करने को कहा। उन्होंने कहा, उनकी विशेषता यह है कि वे किसी छवि से बंधे नहीं हैं। कई बल्लेबाज और गेंदबाज यह सोचते हैं कि लोग उनके बारे में कैसा सोचते हैं और उन्हें लगता है कि उन्हें अपनी क्षमता पर खरा उतरना होगा। विराट ऐसे नहीं हैं। कोहली अपने काम के प्रति पूरी तरह समर्पित हैं और वह काम है रन बनाना। कभी-कभी इसका मतलब होता है संभलकर खेलना और फिर खुलकर खेलना। कभी-कभी इसका मतलब जल्दी आक्रामक अंदाज अपनाना या फिर परिस्थितियों के अनुसार स्ट्राइक रोटेट करना होता है। कोहली इस बारे में नहीं सोचते कि उनसे किस तरह से खेलने की उम्मीद की जाती है।

उन्होंने कहा, उनका स्वभाव ही सबसे अहम है। वह यह नहीं सोचते कि मुझसे छक्का मारने की उम्मीद की जाती है। वह परिस्थिति के अनुसार खेलते हैं। वह कभी हार नहीं मानते। उन्होंने आखिर तक प्रयास किया। युवाओं को उनसे यही सबक लेना चाहिए कि वे किसी तरह की छवि में बंधकर नहीं रहें और परिस्थिति के अनुसार खेलें। ऐसा करने पर आप अधिक सफल और निरंतर अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी बन जाओगे।

# हर्षित राणा ने किया विराट कोहली के साथ मजेदार वाकये का खुलासा

**नई दिल्ली।** हर्षित राणा ने एक इंटरव्यू में बताया कि कैसे पहली बार अनुष्का शर्मा को 'मैम' कहने पर विराट कोहली ने उन्हें मजाकिया अंदाज में 'भाभी' कहने को कहा। राणा ने कोहली और हार्दिक पांड्या को टीवी पर देखकर एग्रेसिव समझा था, लेकिन असल जिंदगी में उन्हें बेहद मजाकिया पाया। राणा ने कोहली के अंतिम टेस्ट टूर में डेब्यू को जीवन का यादगार पल बताया।


भारत के युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा ने हाल ही में एक मजेदार घटना का खुलासा किया, जो उनके और पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली के बीच हुई थी। राणा, जिन्होंने आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए प्रभावशाली प्रदर्शन किया और उसके बाद भारत के लिए टेस्ट डेब्यू किया, अब तीनों फॉर्मेट में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। 2024 के पर्थ टेस्ट में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डेब्यू किया था, जो संयोग से विराट कोहली का आखिरी टेस्ट टूर भी था। राणा ने मेन्स एक्सपी से बातचीत में



बताया कि किस तरह पहली बार अनुष्का शर्मा से मिलने पर उन्हें असहज और मजेदार स्थिति का सामना करना पड़ा।

**अनुष्का को मैम कहा तो कोहली ने किया सुधार**

हर्षित राणा ने बताया कि वह पहली बार अनुष्का शर्मा से मिले तो उन्होंने आदर स्वरूप उन्हें 'मैम' कहकर संबोधित किया, लेकिन विराट कोहली को यह मजाकिया लगा और उन्होंने तुरंत टोक दिया। राणा ने बताया, 'मैं पहली बार अनुष्का को मिल रहा था। मैंने उन्हें 'मैम' कहा। विराट ने मुझसे कहा कि उन्हें ह्यमैमङ्घ मत बोल, 'भाभी' बोल।




# अलग-अलग थाना क्षेत्रों से नाबालिग लड़कियों के लापता होने की रिपोर्ट

**नोएडा (करंट क्राइम)।** थाना सेक्टर-63 के प्रभारी निरीक्षक अमित काकरान ने बताया कि एक व्यक्ति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह चोटपुर कॉलोनी के 25 फुटा रोड स्थित अपने मकान में रहते हैं। पीड़ित के अनुसार उनकी 16 वर्षीय बेटी 9 जनवरी से घर से लापता है। पीड़ित के अनुसार उन्होंने अपनी बेटी को काफी दिनों तक ढूंढा, लेकिन उसे उसका कुछ पता नहीं चला। पीड़ित के अनुसार जांच के दौरान उन्हें पता चला है कि अरविंद यादव नामक युवक उनकी




बेटी को बहला-फुसलाकर अगवा करके ले गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि टीम गठित कर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

वहीं थाना कासना के प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि कस्बा कासना में रहने वाली एक महिला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 14 जनवरी से उसकी 17 वर्षीय बेटी घर से लापता है।

महिला के अनुसार उसने अपनी बेटी को काफी तलाश किया लेकिन वह नहीं मिली। थाना प्रभारी ने बताया कि महिला ने आशंका व्यक्त की है कि उसकी बेटी को कोई बहला-फुसलाकर अगवा कर ले गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि महिला की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कांग्रेस ने किया तीन गांव में एसआईआर चौपाल का आयोजन





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एसआईआर प्रक्रिया को लेकर कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत सोमवार को नगला मूसा फफराना और ग्राम सौदा में चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में कांग्रेस जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा ने बताया कि बीजेपी के लोगों को कांग्रेस के 140 साल का इतिहास के बारे में जानकारी नहीं है। देश में आज जो भी संस्थान चल रहे हैं उसमें कांग्रेस का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है। कांग्रेस पार्टी हमेशा से ही मजदूर ,किसान ,महिला के उत्थान के बारे में सोचती रही है।

वरिष्ठ कांग्रेसी प्रदीप कंसल ने बताया कि मनरेगा के तहत हजारों परिवार जिला गाजियाबाद में रोजगार पा रहे थे। सुनील चौधरी पीसीसी सदस्य कोट गांव ने कहा कि एस आई आर के तहत गाजियाबाद में 817 000 वोट काटी गई है । वोटो का काटने का मतलब है यह होता है कि वह बीजेपी की फर्जी बोट थी जो आज काटी गई है। फर्जी वोटो पर ही गाजियाबाद से बीजेपी सांसद बनाया गया है पूर्व विधानसभा प्रत्याशी नीरज प्रजापति, अश्वनी त्यागी, डोली त्यागी जी जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस, मनोज कौशिक पूर्व महानगर अध्यक्ष गाजियाबाद, ब्लॉक अध्यक्ष नईम त्यागी, मुरादनगर, सादाब इलाई जिला सचिव चौपालों में शामिल रहे।




## कौन सा पार्षद कर रहा है अब विकास के लिए दोनों दरों पर खुशामद

वो चले तो थे क्रांति का एलान करने मगर उन्हें नहीं पता था कि ये राजनीति का चक्रव्यूह कितना गहरा और खतरनांक होता है। और क्रंति के चक्कर में उन्होंने दोनों ही दरवाजों पर मोर्चा खोल लिया। जिनसे उन्हें बड़ी उम्मीदें थीं कि ये वाला दरवाजा तो उनका इस्तकबाल बुलंद करेगा उसी दरवाजे ने उन्हें दंग कर दिया। इधर साहब ने तो पहले ही उनके लिए दरवाजे बंद कर लिये। साथ वाले बताते हैं कि पावर काम नहीं आयी और पावर के टावर वाले दोनों छोर ने उन्हें फेल करने के लिए पूरा जोर लगा दिया। अब इस वाले टावर ने जब उस वाले टावर को जो बात बताई वो बीच वाले छोटे तारों ने भी सुन ली। पता चला है कि दल वाले टावर ने चुटकी लेते हुए सरकारी वाले टावर को बताया कि मेरे यहां चक्कर काट रहा है। लगता है दिमाग ठिकाने आ गये हैं। और ठिकने वाली बात कहकर उन्होंने ठहाका भी लगाया। सुना है कि सरकारी वाले टावर ने कुछ ज्यादा रिएक्ट नहीं किया लेकिन एक मुस्कुराहट उधर भी आ गयी । पता चला है कि साहब ने समस्या का हल ही ऐसे किया कि उसके मौहल्ले में विकास वाला नल ही बंद कर दिया। अब विकास हो नहीं रहा और जब जनता के काम ही नहीं होंगे तो फिर वो लीडर कैसे माने जायेंगे। लेकिन केसरिया पार्षद ने कहा कि हमें तो अपनों के ठहाके से ठेस लगी है और हमें नहीं पता था कि उनकी सुलतानी में हमारे ऐसे दिन भी आयेंगे।

## निगम वाले मैच का है कुछ ऐसा सीन कि बेस वाले फेस हैं प्रवीन टू प्रवीन

सिद्धबली वाले टूर के बाद पार्षदों को बहुत ही फील गुड हो रहा है। यहां कुछ सिद्ध हुआ हो या ना हुआ हो लेकिन वहां वाले मेयर ने कितनी केयर की कि यहां वाले पार्षद गद गद हैं। गोवा टूर का प्लान मार्च में होना है लेकिन उससे पहले ही वैलेंटाईन के महीने में क्रिकेट वाला मोड़ आ गया है। मैच को लेकर निगाह रखी जा रही है और यहां पर कहने वाले ने कह दिया कि मैच की पूरी थीम ही परवीन टू प्रवीन रहेगी। उन्होंने कहा कि क्रिकेट का मैदान गेंद , बल्ला, किट सबकुछ वीवीआईपी वाले प्रवीन के सौजन्य से होगा। लेकिन जो सबसे अहम बात है वो ये है कि साहब वाली टीम का एलान ही निगम वाले डिप्टी मेयर प्रवीन की यश के बाद होगा। निगम वाले ने बता दिया कि यहां पर ये दो फेस हैं जो पूरे सिस्टम को जोड़ेंगे। अगर निगम वाले प्रवीन ने इंटरेस्ट ले लिया तो फिर मैच होगा और अगर उन्होंने इंटरेस्ट नहीं लिया तो फिर पार्षदों की टोली आपस में ही टीम बनाकर खेल लेगी। सबसे बड़ी बात ये है कि इस आयोजन के लिए जो फंड चाहिए वो भले ही सीएसआर से आये या टेंडर से आये मगर जबतक साहब की यश नहीं होगी तब तक मैच की कोई बॉल नहीं खेली जायेगी। यहां पर डिप्टी मेयर वाले प्रवीन ने अगर बात साहब के सामने रख दी तो फिर वो बात भी टाली नहीं जायेगी। इसलिए खिलाड़ियों को अगर खेलना है तो फिर वो सीन में सबसे प्रमुख दो फेस को समझ लें।

## हमने तो अब छोड़ दिया है ध्वज प्रणाम वालों से भी करना कोई उम्मीद

जब 2017 में सरकार आयी तो ध्वज प्रणाम वाले भी अचानक से लाईम लाईट में आ गये। एक नया फैशन परिचय के दौरान संघ आयु पूछने का शुरू हो गया। नये भाजपाई तो पुरानी परिपाटी के हिसाब से गिफ्ट लेकर प्रणाम करने जाने लगे। फिर धीरे धीरे ये खुमार भी उतर गया और संघ वेशभुषा में फोटो डालने का बुखार भी उतर गया। मौहल्ले वाले टिकट से लेकर कृपा वाली दावेदारी में ध्वजप्रणाम वालों के दरों पर माथा टेक चुके भाजपाई ने ही कहा कि अब तो मेरे माथे में भी दर्द होने लगा है। उसने कहा कि मैं ने तो ध्वजप्रणाम वालों से कोई उम्मीद ही छोड़ दी है। गाजियाबाद का ये भाजपाई नागपुर से लेकर झंडेवालान तक चक्कर काट चुका है। लेकिन उसकी समझ में ये बात बड़ी देर से आयी है कि यहां कृपा वाला बल्ब जलाने में कई बार उम्र गुजर जाती है। अब उसने साफ कह दिया है कि मैंने ध्वज प्रणाम वालों से कोई भी उम्मीद लगानी छोड़ दी है। अब तो मैंने दिल की बात बतानी भी छोड़ दी है। ना मुझे नामित वाली लिस्ट में आना है और ना ही मुझे मौहल्ले का चुनाव लड़ना है। जब ये बेला आयेगी तब का तब देखा जायेगा।




## 23 बैच वालों का रहेगा परेड में दम

पुलिस वाले महकमे में 26 जनवरी वाली परेड के बड़े मायने होत हैं। साथ ही इस दिन मिलने वाले पदक, मेडल और पत्रों का अपना अलग ही महत्व भी होता है। वैसे इस बार बताया जा रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में 26 जनवरी की परेड की तैयारी बेहद खास रहने वाली है। इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम की लाइन वाला सीन भी बदला हुआ नजर आएगा। पुलिस के सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि जहां इस बार प्रथम कमांडर की भूमिका 2023 बैच की महिला आईपीएस अधिकारी के हाथों में रहने वाली है। तो वहीं कई अन्य टोलियों की कमान और प्रथम पंक्ति वाले टू-स्टार 2023 बैच के रहने वाले बताए जा रहे हैं। इसके साथ ही जिस तरीके से सर्दी वाला मौसम अपना असर दिख रहा है परेड पर भी इसका पूरा असर देखने को मिल रहा है। बताया जा रहा है कि इस बार की परेड में 2023 बैच वालों को जोश और दम नजर आने वाला है। परेड की कुल 11



टोलियों में अधिकांश में 2023 बैच वालों का दमदार प्रदर्शन देखने को मिलेगा। वहीं पुलिस वाले सूत्र बता रहे हैं कि चाहे बाइक वाली सुपर टीम हो या तीनों जोन की परेड वाली टीम उसमें 2023 बैच ही अधिक नजर आएंगे। इन सबके बीच जानकारी मिल रही है कि जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम और पास वाले पुलिस कमिश्नरेट को लेकर हलचल पैदा हुई थी, उसपर फिलहाल थोड़ा वेट वाला सीन चल रहा है। पुलिस कमिश्नरेट के सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि मामला अब 26 जनवरी या फरवरी तक के लिए लेट हो गया है। इन सबके बीच जानकारी मिली है कि परेड वाले कार्यक्रम में इस बार कई तरीके के नए प्रयास और कयास भी देखने को मिलेंगे। कहा जा रहा है कि इस बार लाइन वाले इस आयोजन में नौ आईपीएस अधिकारियों की मौजूदगी और कई पूर्व वाले भी दिखेंगे। जानकारी मिलेगी कि जिस तेजी के साथ पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के थानों, कार्यालयों और अन्य स्थलों पर काम चल रहा था, वहां 26 जनवरी तक बहुत तेज गति से काम करने के निर्देश दे दिए गए हैं। अब देखना होगा कि 26 जनवरी वाला बड़ा खाना किस जोन में होता है और कहां-कहां के उद्घाटन और नए बोर्ड लगाते हैं। कुल मिलाकर देखना होगा कि इस बार की पुलिस लाइन वाली परेड का कितना दम जनता और पुलिस के बीच नजर आता है।

# नेहरू वर्ल्ड स्कूल की छात्रा संस्कृति बाना का कमाल

## जूनियर वर्ल्ड कप शूटिंग के लिए भारतीय टीम में चयन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नेहरू वर्ल्ड स्कूल की कक्षा 12 की मेधावी छात्रा और अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज संस्कृति बाना ने एक बार फिर खेल जगत में विद्यालय और देश का मान बढ़ाया है। नई दिल्ली में आयोजित कठिन चयन ट्रायल्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्कृति ने जूनियर वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में अपनी जगह पक्की कर ली है।

नई दिल्ली में आयोजित इन चयन ट्रायल्स की प्रतिस्पर्धा अत्यंत चुनौतीपूर्ण थी, जिसमें देशभर की लगभग 2000 उभरती महिला निशानेबाजों ने हिस्सा लिया। संस्कृति बाना ने अपनी एकाग्रता और सटीक निशानेबाजी का लोहा मनवाते हुए इन ट्रायल्स में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

संस्कृति की यह जीत उन्हें जुलाई माह में काहिरा, मिस्त्र में आयोजित होने वाली 'जूनियर वर्ल्ड कप शूटिंग प्रतियोगिता' का टिकट दिलाती है। वह इस वैश्विक मंच पर भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगी।

संस्कृति बाना भारतीय शूटिंग का एक उभरता हुआ चेहरा हैं। उनकी प्रमुख उपलब्धियां निम्नलिखित हैं:

**रजत पदक विजेता:** जूनियर




एशियन चैंपियनशिप।

**विश्व रैंकिंग:** जूनियर श्रेणी में वर्तमान में 15वें स्थान पर काबिज।

**अनुभव:** एक मंझी हुई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी के रूप में उनकी पहचान।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर नेहरू वर्ल्ड स्कूल के प्रबंधन, प्रधानाचार्य और समस्त शिक्षकगण ने खुशी जाहिर की है। स्कूल प्रशासन ने संस्कृति को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय अपने विद्यार्थियों की प्रतिभा को वैश्विक स्तर पर निखारने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। पूरे विद्यालय परिवार को विश्वास है कि संस्कृति मिस्त्र में भी स्वर्ण पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाएंगी।

# सुंदर दीप वर्ल्ड स्कूल में शिक्षकों के लिए 'फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम' आयोजित, नवाचार पर दिया जोर



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सुंदर दीप वर्ल्ड स्कूल में शिक्षकों की कार्यक्षमता और कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष 'फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम' का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य विषय 'हाउ टू बी एन एंटरप्रेन्योरियल टीचर' रहा, जिसमें शिक्षकों को शिक्षण की आधुनिक और उद्यमशील पद्धतियों से अवगत कराया गया।



कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आई-नर्चर इंक्यूबेशन फाउंडेशन के सीईओ श्री महेंद्र गुप्ता उपस्थित रहे। उन्होंने सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि एक शिक्षक की भूमिका अब केवल सूचना साझा करने तक सीमित नहीं है। उन्होंने शिक्षकों को शिक्षण में नवाचार और उद्यमशीलता के दृष्टिकोण को अपनाने के व्यावहारिक तरीके सिखाए, ताकि वे छात्रों में रचनात्मकता और समस्या समाधान की शक्ति विकसित कर सकें।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती सपना अहलावत ने अपने संबोधन में कहा कि आधुनिक और डिजिटल होती शिक्षा प्रणाली में शिक्षकों को खुद को निरंतर अपडेट रखना अनिवार्य है। उन्होंने जोर दिया कि जब शिक्षक नए प्रयोग करेंगे, तभी वे छात्रों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार कर पाएंगे। कार्यक्रम में एडमिशन डायरेक्टर श्री अखिलेश वर्मा ने भी अपनी उपस्थिति से शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया। कार्यशाला के दौरान सभी शिक्षकों ने विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए। सत्र के अंत में सभी प्रतिभागियों ने शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों पर ले जाने और स्कूल के शैक्षणिक वातावरण को अधिक प्रेरणादायक बनाने का संकल्प लिया।

# शादी का झांसा देकर किया 5 साल तक दुष्कर्म

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एक युवती से शादी का झांसा देकर पांच साल तक दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। आरोपी युवक ने शादी से इंकार करने पर युवती के साथ मारपीट भी की। पीड़िता की मां ने थाने में तहरीर दी है।

नगर की एक कॉलोनी निवासी युवती की दोस्ती एक युवक से थी। आरोप है कि पांच साल पहले युवक ने शादी का वादा



कर युवती से संबंध बनायें। इसके बाद वह लगातार युवती का यौन शोषण करता रहा। हाल ही में युवक की शादी कहीं और तय हो गई।

जब युवती ने शादी करने की बात की, तो आरोपी आग बबूला हो गया और उसने युवती के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। एसीपी मोदीनगर अमित सक्सैना ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बाल विकास परियोजना के तहत बच्चों के लिए कुर्सियां बीन शेप टेबिल आदि का वितरण किया

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** खंड विकास कार्यालय भोजपुर के अंतर्गत बाल विकास परियोजना कार्यालय से निदेशालय बाल विकास सेवा एवं पुष्टहार लखनऊ द्वारा आपूर्ति वित्तीय वर्ष 2023- 24 हेतु सुसज्जित करने हेतु विभागीय भवनों के लिए कुल 68 केंद्रों पर इंटरलॉकिंग फोममेंट, बच्चों हेतु कुर्सियां, बीन शेप टेबिल, वाइट बोर्ड व प्री स्कूल किट सामग्री का वितरण ब्लाक प्रमुख सुचेता



सिंह व खंड विकास अधिकारी भोजपुर अयान जैन द्वारा किया गया। वितरण कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी भोजपुर व समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# स्वर्गीय शारदा कौशिक के निधन पर दी गयी उन्हें भावभिनी श्रद्धांजलि



**गाजियाबाद( करंट क्राइम)।** भाजपा नेता ओमदत्त कौशिक की माता शारदा कौशिक का स्वर्गवास 8 जनवरी को हो गया था। सोमवार को उनकी शोक सभा चौधरी भवन कविनगर में आयोजित की गयी। शोक सभा में समाजसेवा, राजनीति और व्यापार मंडल से जुड़े गणमान्य लोग पहुंचे। सभी ने स्वर्गीय शारदा कौशिक के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें भावभिनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी गणमान्यों ने स्वर्गीय शारदा कौशिक के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। शोकसभा में परिवार की ओर से स्वर्गीय शारदा कौशिक के पुत्र ओमदत्त कौशिक, अजय कौशिक, संजीव कौशिव, रविदत्त कौशिक, भतीजे सुनील कौशिक, नीरज कौशिक मौजूद रहे।





Adv Ravinder Rajput Lo... is with Sanjay Kushwaha and 19 others.
4h ·
एडवोकेट रजिस्ट्रेशन व ऑल इंडिया बार एग्ज़ाम उत्तीर्ण कर अधिवक्ता बने छोटे भाई देवेंद्र राजपूत को, गुरुजी के कर-कमलों से बैंड सेरेमनी के शुभ अवसर पर हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए अनंत शुभकामनाएँ।
न्याय, सत्य और सेवा के पथ पर , यह नई यात्रा निरंतर सफलता से परिपूर्ण हो।
#followers #advocate #DelhiHighCourt #KKD

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** देवेन्द्र राजपूत ने एडवोकेट रजिस्ट्रेशन तथा ऑल इंडिया बार एग्जाम उत्तीर्ण कर लिया। इस अवसर पर बैंड सेरेमनी हुई और शुभकामनायें दी गयीं। न्याय, सत्य और सेवा के पथ पर एक नयी यात्रा निरंतर सफलताओं की कामनाओं के साथ शुरू हुई। देवेन्द्र राजपूत को जब यह सफलता मिली तो उनके बड़े भाई रविन्द्र राजपूत ने इसे फेसबुक पर साझा किया। बधाई और सफलताओं की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# अमेरिका को ग्रीनलैंड पर कब्जा करने से रोक पाएगा यूरोप



**ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिका किस तरह की तैयारियां कर रहा है? ग्रीनलैंड के बचाव के लिए यूरोप ने किस तरह से कमर कसी है, उसकी ताकत कितनी है? अगर ग्रीनलैंड को लेकर टकराव की स्थिति पैदा होती है तो नाटो का क्या भविष्य हो सकता है? इसके अलावा विशेषज्ञ इस मुद्दे पर क्या कहते हैं?**

**वाशिंगटन।** अमेरिका की तरफ से ग्रीनलैंड को लेकर आक्रामकता लगातार बढ़ती जा रही है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को एलान किया कि ग्रीनलैंड पर कब्जे को लेकर उनके फैसले का समर्थन न करने वाले यूरोपीय देशों पर अमेरिका 1 फरवरी से 10 फीसदी टैरिफ लगाएगा। अगर यूरोपीय देश आगे भी ग्रीनलैंड को लेकर उनके निर्णय को नहीं मानते तो 1 जून से यह टैरिफ बढ़कर 25 फीसदी तक पहुंच सकता है।

रक्षा मामलों के विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिका आने वाले समय में व्यापार और सैन्य ताकत का इस्तेमाल कर ग्रीनलैंड पर कब्जे की कोशिशों को और तेज कर सकता है। अगर ट्रंप डेनमार्क शासित ग्रीनलैंड पर सैन्य कार्रवाई की कोशिश करते हैं तो पश्चिमी देशों के सैन्य गठबंधन नॉर्थ अटलांटिक ट्रीटी ऑर्गनाइजेशन (नाटो) में ही फूट पड़ सकती है।

ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिका किस तरह की तैयारियां कर रहा है? ग्रीनलैंड के बचाव के लिए यूरोप ने किस तरह से कमर कसी है, उसकी ताकत कितनी है? अगर ग्रीनलैंड को लेकर टकराव की स्थिति पैदा होती है तो नाटो का क्या भविष्य हो सकता है? इसके अलावा विशेषज्ञ इस मुद्दे पर क्या कहते हैं?

## ग्रीनलैंड में अमेरिका कितना मजबूत?

ग्रीनलैंड में अमेरिका की सैन्य मौजूदगी पहले से ही है। हालांकि, इसके बावजूद अमेरिका के किसी भी राष्ट्रपति ने ग्रीनलैंड पर सैन्य ताकत का इस्तेमाल करके अधिग्रहण की कोशिश नहीं की है।

1. सैन्य विकल्प और रणनीतिक बदलाव

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलीन लीविट ने साफ किया है कि ग्रीनलैंड पर सैन्य कब्जे का विचार अब भी विकल्पों में शामिल है। पेंटागन ने ग्रीनलैंड की जिम्मेदारी को अमेरिकी यूरोपीय कमान से हटाकर अमेरिकी उत्तरी कमान को सौंप दी है, जिसका मकसद अमेरिका और पश्चिमी गोलार्ध की रक्षा क्षमता को मजबूत करना है।

2. मौजूदा बुनियादी ढांचे का इस्तेमाल

अमेरिका के पास मौजूदा समय में ग्रीनलैंड में पिटुफिक स्पेस बेस है, जो मिसाइल चेतावनी और अंतरिक्ष निगरानी के लिए उपयोग किया जाता है। इसके अलावा अमेरिका के पास ग्रीनलैंड में 16 पुराने सैन्य बेस हैं, जिन्हें किसी भी समय फिर से सक्रिय किया जा सकता है।

हालिया दिनों में ग्रीनलैंड पर अमेरिकी दावों और सैन्य अधिग्रहण की धमकियों के जवाब में यूरोप ने सैन्य, आर्थिक और कूटनीतिक स्तरों पर तैयारी की है। नीदरलैंड के विदेश मंत्री डेविड वैन वील ने ट्रंप की रणनीति को सीधे तौर पर ब्लैकमेल करार दिया और कहा कि यह न तो नाटो गठबंधन के लिए अच्छा है और न ही ग्रीनलैंड के लिए। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीएर स्टार्मर ने स्पष्ट किया है कि सहयोगियों पर टैरिफ लगाना पूरी तरह गलत है और ग्रीनलैंड का भविष्य केवल वहां के निवासियों और डेनमार्क का आंतरिक विषय है।

1. सैन्य तैनाती और प्रतीकात्मक प्रतिरोधः डेनमार्क की तरफ से अमेरिका के रवैये पर चिंता जताए जाने के बाद फ्रांस, जर्मनी, नॉर्वे और स्वीडन जैसे नाटो सहयोगी देशों ने ग्रीनलैंड में अपने सैनिक भेजना शुरू कर दिए हैं। फ्रांस ने अपनी पर्वतीय सैन्य टुकड़ी के 15 सैनिक और जर्मनी ने 13 सदस्यीय टोही दल को ग्रीनलैंड भेजा है। इस मिशन के जरिए ग्रीनलैंड में यूरोपीय संघ (ईयू) का झंडा फहराकर यूरोप यह दिखाने की कोशिश में है कि यूरोपीय सेनाएं जरूरत पड़ने पर अमेरिका से मुकाबले के लिए तैयार हैं। दूसरी तरफ खुद डेनमार्क ने ग्रीनलैंड में अपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ाने का एलान किया है, ताकि अमेरिका को यह साबित किया जा सके कि वह आर्कटिक की रक्षा करने के काबिल है। 2026 तक वहां नाटो की एक बड़ी और स्थायी मौजूदगी की योजना बनाई गई है। डेनमार्क के रक्षा मंत्री ट्रोल्स लुंड पॉल्सन ने कहा कि यह कदम यह साबित करने के लिए अनिवार्य है कि आर्कटिक की सुरक्षा केवल डेनमार्क की नहीं, बल्कि पूरे नाटो की जिम्मेदारी है।

वहीं, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि यह मिशन यह दिखाने का एक तरीका है कि यूरोपीय सेनाएं जरूरत पड़ने पर तेजी से तैनात हो सकती हैं।

### ग्रीनलैंड को लेकर ट्रंप की तैयारियां क्या?




रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका ग्रीनलैंड पर पूर्ण नियंत्रण हासिल करने के लिए सैन्य, आर्थिक और रणनीतिक स्तर पर तैयारी कर रहा है। हालिया दिनों में इसके कुछ संकेत भी मिले हैं। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो इस क्षेत्र को खरीदने की संभावनाओं पर यूरोपीय अधिकारियों के साथ चर्चा कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यूरोपीय संघ और नाटो से जुड़े सहयोगियों पर 10% से 25% तक टैरिफ लगाने की घोषणा की है। इसके जरिए वे सहयोगियों पर दबाव बनाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं, ताकि वे अमेरिका के ग्रीनलैंड अधिग्रहण के दावों का विरोध न करें और शांतिपूर्ण ढंग से ग्रीनलैंड को अमेरिका को बेचने के लिए तैयार हो जाएं।

---

## ड्रोन हमले से अंधेरे में दक्षिणी यूक्रेन के 2 लाख लोग

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सोमवार को एक व्यक्ति ने घरेलू विवाद के चलते अपने घर में फायरिंग कर दी। इस घटना में उसकी पत्नी और दो महीने की बेटी सहित सात लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी फरूक (उर्फ फारोके) को गिरफ्तार कर लिया है। शुरूआती जांच के अनुसार, यह हत्या पुराने पारिवारिक मतभेद और घरेलू झगड़े के कारण हुई। मृतकों में आरोपी के दो भाई और उनकी पत्नियां भी शामिल हैं। पुलिस ने स्थल से साक्ष्य जुटा लिए हैं और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

**कराची के शॉपिंग मॉल की आग में मौतों की संख्या 14 तक पहुंची:** पाकिस्तान के कराची में गुल प्लाजा मॉल में आग लगने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है। बचाव दल ने मलबे से आठ और शव बरामद किए। यह आग शनिवार रात मॉल के बेसमेंट, मीडियानिन और तीन अन्य मंजिलों में लगी थी। आग को रविवार रात तक काबू में कर लिया गया।

## बांग्लादेश में बीएनपी ने लगाए आम चुनाव से पहले धांधली के आरोप



**ढाका।** मुख्य चुनाव आयुक्त एएमएम नासिर उद्दीन ने सभी हितधारकों से स्वतंत्र, निष्पक्ष और समावेशी चुनाव कराने में सहयोग की अपील की। सीईसी ने कहा कि आयोग के फैसले बिना किसी पक्षपात के और गहन विश्लेषण के बाद लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सुचारू और विश्वसनीय मतदान प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए जनता और सभी हितधारकों का सहयोग आवश्यक है।

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने 12 फरवरी को होने वाले आम चुनाव से पहले चुनाव आयोग 'पूर्ण निष्पक्षता' के साथ काम करने की अपील की है। सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस की रिपोर्ट के अनुसार बीएनपी के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने रविवार शाम ढाका के आगारगांव स्थित चुनाव आयोग भवन में मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) एएमएम नासिर उद्दीन से मुलाकात के बाद यह बात कही।

आलमगीर ने कहा कि बीएनपी ने हमेशा स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग के साथ सहयोग किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि हाल के दिनों में कुछ व्यवस्थाएं पक्षपातपूर्ण दिखाई दे रही हैं और आचरण को लेकर गंभीर चिंताएं हैं। उन्होंने कहा कि हमने आयोग से ऐसी प्रथाओं से बचने और पूरी निष्पक्षता के साथ कार्य करने का आग्रह किया है।

डाक मतपत्र का मुद्दा नहीं सुलझ रहा- बीएनपी का आरोप

बैठक के एजेंडे पर प्रकाश डालते हुए आलमगीर ने कहा कि डाक मतपत्र (पोस्टल बैलेट) से जुड़ा मुद्दा अब भी पूरी तरह सुलझा नहीं है। उन्होंने कहा कि विदेश में पंजीकृत मतदाताओं के लिए छापे गए मतपत्रों की प्रक्रिया सही नहीं है और इससे किसी विशेष राजनीतिक दल को लाभ पहुंचाने का प्रयास प्रतीत होता है। बीएनपी ने इन मतपत्रों में बदलाव की मांग की है।

उन्होंने यह भी कहा कि देश के भीतर चुनावी ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को चुनाव चिह्न आवंटन के बाद ही डाक मतपत्र दिए जाएं, ताकि वे भी अन्य मतदाताओं की तरह स्वतंत्र रूप से अपना निर्णय लेकर मतदान कर सकें।

बीएनपी ने क्यों कहा- बांग्लादेश में हो रहे आपराधिक कृत्य?

आलमगीर ने चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन और निजी जानकारी एकत्र करने के आरोप भी लगाए।

उन्होंने कहा कि एक राजनीतिक दल के कार्यकर्ता घर-घर जाकर मतदाताओं की राष्ट्रीय पहचान पत्र (एनआईडी) की प्रतियां, बीकेश नंबर और मोबाइल नंबर इकट्ठा कर रहे हैं, जो निजता का उल्लंघन और आपराधिक कृत्य है। उन्होंने इस पर तत्काल कार्रवाई की मांग की।

उन्होंने आरोप लगाया कि एक राजनीतिक दल देश के विभिन्न हिस्सों से मतदाताओं को ढाका स्थानांतरित कर रहा है।

बीएनपी ने आयोग से यह जानकारी मांगी है कि किन क्षेत्रों से, कितने मतदाताओं को, किस कारण और कब ढाका लाया गया।

एक खास दल के लिए काम कर रहे निर्वाचन अधिकारी

बीएनपी नेता ने यह भी दावा किया कि कई निर्वाचन क्षेत्रों में अधिकारियों की ओर से एक विशेष राजनीतिक दल के पक्ष में काम करने की शिकायतें मिली हैं। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष, स्वतंत्र और स्वीकार्य चुनाव के हित में, हमने जांच के अधीन ऐसे अधिकारियों को हटाने का अनुरोध किया है।

## अफगानिस्तान के काबुल शहर के एक होटल में धमाका, कई लोगों के मारे जाने की संभावना



**काबुल।** अफगानिस्तान के काबुल के शाहर-ए-नौ इलाके में सोमवार को एक होटल में अचानक धमाका हुआ। अफगान अधिकारियों के अनुसार कई लोग मारे गए और कई घायल हुए। राहत और बचाव कार्य तुरंत शुरू कर दिया गया। धमाके का कारण अभी स्पष्ट नहीं है, जांच जारी है।

अफगानिस्तान से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां काबुल शहर के बीच में स्थित एक होटल में अचनाक बड़ा धमाका हुआ। इस धमाके में कई लोग मारे गए और कई घायल हुए हैं। इस बात की जानकारी अफगान के अधिकारियों ने दी है। अधिकारियों ने कहा कि धमाके के बाद मौके पर राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है। वहीं घायल लोगों को निकटस्थ अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

घटना के कारण इलाके में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है और जांच शुरू कर दी गई है। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि धमाका आतंकवादी हमला था या किसी तकनीकी कारण से हुआ। अफगान अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को काबुल के शाहर-ए-नौ इलाके में स्थित एक होटल में धमाका हुआ। इस धमाके में कई लोग मारे गए और कई घायल हुए।

### धमाके के सटीक कारण को लेकर जांच जारी

अफगानिस्तान के इंटीरियर मिनिस्ट्री के प्रवक्ता अब्दुल मतीन कानी ने कहा कि धमाके के कारण मौतें और चोटें हुई हैं। दूसरी ओर धमाके के सटीक वजह की अभी जांच की जा रही है। वहीं अफगानिस्तान के स्थानीय टीवी चैनल की फुटेज में देखा गया कि सड़क पर लोग दौड़ रहे थे और पीछे धुआं और धूल उठ रही थी। अभी तक धमाके में हुए मारे गए और घायल लोगों का विवरण नहीं मिला है।

---

## अल्पसंख्यकों से जुड़ी ज्यादातर घटनाएं आपराधिकः बांग्लादेश



**ढाका।** बांग्लादेश सरकार ने दावा किया है कि 2025 में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हुई 645 घटनाओं में से सिर्फ 71 सांप्रदायिक थीं। बाकी की घटनाए आपराधिक थीं। वहीं हिंदू संगठनों ने इन दावों को खारिज करते हुए कहा है कि चुनाव से पहले हिंसा बढ़ी है सरकार के इन दावों से अपराधियों को बढ़ावा मिलेगा।

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने सोमवार को कहा कि साल 2025 में अल्पसंख्यक समुदायों के साथ हुई ज्यादातर घटनाएं आपराधिक प्रकृति की थीं। सरकार का कहना है कि ये घटनाएं सांप्रदायिक वजहों से नहीं हुई थीं। यह बयान भारत की उस टिप्पणी के कुछ दिनों बाद आया है, जिसमें नई दिल्ली ने 9 जनवरी को बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों पर चिंता जताई थी।

सरकार ने जारी किए आंकड़े

मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के कार्यालय ने जारी बयान में आधिकारिक पुलिस रिकॉर्ड की साल भर की समीक्षा का हवाला देते हुए कहा गया है कि जनवरी और दिसंबर 2025 के बीच पूरे बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदायों से जुड़ी कुल 645 घटनाएं दर्ज की गईं। सरकार ने दावा किया कि इनमें से केवल 71 घटनाओं में सांप्रदायिक तत्व पाए गए। इन सांप्रदायिक घटनाओं में-

अन्य (मूर्ति तोड़ने की धमकी, सोशल मीडिया पोस्ट आदि): 23 घटनाएं शामिल हैं।

बयान में कहा गया है कि इनमें से 50 घटनाओं में पुलिस मामले दर्ज किए गए और उतनी ही संख्या में गिरफ्तारियां की गईं, जबकि 21 मामलों में अन्य निवारक या जांच उपाय किए गए। बाकी बची 574 घटनाएं धर्म से संबंधित नहीं थीं, बल्कि आपराधिक या सामाजिक विवादों से जुड़ी थीं। इन घटनाओं में-

**पड़ोस के विवाद: 51**
**जमीन संबंधी झगड़े: 23**
**चोरी: 106**
**पुरानी दुश्मनी: 26**
**दुष्कर्म: 58**

अप्राकृतिक मौतः 172 घटनाएं शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि इन मामलों में पुलिस ने 390 केस दर्ज किए और 498 लोगों को गिरफ्तार किया। साथ ही 30 घटनाओं में अतिरिक्त उपाय किए गए।

### हिंदू संगठन ने उठाए सवाल

बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद (बीएचबीसीयूसी) के नेता काजल देबनाथ ने सरकार के इस वर्गीकरण पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा, अगर सरकार मानती है कि ये सांप्रदायिक घटनाएं नहीं हैं, तो क्या किसी को भी कानून हाथ में लेने की छूट है? उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे बयानों से अपराधियों का मनोबल बढ़ेगा। परिषद ने दावा किया कि 12 फरवरी को होने वाले संसदीय चुनावों से पहले हिंसा बढ़ रही है ताकि अल्पसंख्यक वोट न दे सकें। अकेले दिसंबर 2025 में सांप्रदायिक हिंसा की 51 घटनाएं हुईं।

### भारत की प्रतिक्रिया

## दक्षिणी स्पेन में दो हाई स्पीड ट्रेनों की टक्कर

## 39 लोगों की मौत और 70 से अधिक घायल



**मैड्रिड (स्पेन)।** दक्षिणी स्पेन में बड़ा रेल हादसा हो गया। एक ट्रेन के पटरी से उतरने के बाद हाई-स्पीड ट्रेनें आपस में टकरा गईं, जिसमें कम से कम 39 लोगों की मौत और 70 से अधिक लोगों के घायल होने की सूचना है। हालांकि इस आंकड़े के बढ़ने की आशंका है। मौके पर बचाव अभियान जारी है।

दक्षिणी स्पेन में दो तेज रफ्तार ट्रेनों की आपस में भिड़ंत हो गई। जिसमें कम से कम 39 लोगों की मौत हो गई और 70 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। यह दुर्घटना कॉडोर्बा प्रांत के आदमूज के पास हुई, जिसके चलते मैड्रिड और अंडालूसिया के बीच रेल सेवाएं निलंबित कर दी गईं। जानकारी के मुताबिक मलागा से मैड्रिड जा रही एक ट्रेन पटरी से उतर गई और सामने से आ रही दूसरी ट्रेन से टकरा गई। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक दोनों ट्रेनों में लगभग 500 यात्री सवार थे।

**मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका:** स्पेनिश रेल ऑपरेटर एडीआईएफ ने बताया कि रविवार को दक्षिणी स्पेन में एक तेज रफ्तार ट्रेन पटरी से उतर गई और विपरीत दिशा से आ रही ट्रेन से टकरा गई। आपातकालीन सेवाओं ने बताया कि इस टक्कर में 21 लोगों की मौत हो गई और 70 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

हालांकि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई गई है। गार्डिया सिविल के दो अधिकारियों ने फोन और टेक्स्ट मैसेज के जरिए एसोसिएटेड प्रेस को मृतकों की संख्या की पुष्टि की। उन्होंने पुलिस नियमों के अनुसार नाम न छापने की शर्त पर बात की। पटरी से उतरकर दूसरी ट्रेन से जा टकराई रेल

एडीआईएफ के अनुसार मलागा और मैड्रिड के बीच चलने वाली शाम की ट्रेन पटरी से उतर गई और मैड्रिड से दक्षिणी स्पेन के एक अन्य शहर हुएलवा जा रही ट्रेन से टकरा गई।

जिस प्रांत अंडालूसिया में यह दुर्घटना हुई, वहां की आपातकालीन सेवाओं ने बताया कि 21 लोगों की मौत हो गई है और 70 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सिविल गार्ड के मुताबिक कई लोग अभी भी डिब्बों के अंदर फंसे हुए हैं। बचाव अभियान जारी है और आपातकालीन सेवाएं घटनास्थल पर मौजूद हैं। इधर, हादसे के बाद मैड्रिड के अस्पतालों को भी अलर्ट पर रखा गया है। घायल यात्रियों को छह अलग-अलग अस्पतालों में ले जाया गया है।

---

## दक्षिण अफ्रीका में स्कूल बस और ट्रक की टक्कर में 13 बच्चों की मौत




**जोहानसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के गौतेंग प्रांत में स्कूल जा रही एक मिनीबस और ट्रक की टक्कर में 13 बच्चों की मौत हो गई। हादसा सुबह जोहान्सबर्ग के पास हुआ। कई बच्चे मौके पर ही मारे गए, जबकि कुछ ने अस्पताल में दम तोड़ा। आइए जानते हैं मामले पर पुलिस और सरकार ने क्या-कुछ कहा।

दक्षिण अफ्रीका के गौतेंग प्रांत में सोमवार सुबह एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हुआ। स्कूल जा रहे बच्चों से भरी एक मिनीबस और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में कम से कम 13 बच्चों की मौत हो गई। इस घटना से पूरे इलाके में मातम पसरा है और कई परिवार गहरे सदमे में हैं।

ये हादसा देश के गौतेंग प्रांत में, जोहानसबर्ग के दक्षिण-पश्चिमी इलाके में सुबह करीब सात बजे हुआ। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, निजी मिनीबस बच्चों को अलग-अलग प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में छोड़ने जा रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक से उसकी सीधी टक्कर हो गई। आपातकालीन सेवाओं ने तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया। पांच घायलों को सेबोकेंग अस्पताल और दो को कोपनॉन्ग अस्पताल में भर्ती कराया गया। बस चालक भी घायल हुआ है और उसका इलाज चल रहा है। हादसे के बाद सड़क पर किताबें, स्कूल बैग और स्टेशनरी बिखरी पड़ी थीं, जिन्हें देखकर लोगों की आंखें नम हो गईं।

- पुलिस के मुताबिक, दुर्घटना स्थल पर ही 11 बच्चों की मौके पर मौत हो गई।
- गंभीर रूप से घायल दो बच्चों ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।
- प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मिनीबस सड़क पर खड़े कुछ वाहनों को ओवरटेक कर रही थी।
- ओवरटेक के दौरान सामने से आ रहे ट्रक से मिनीबस की आमने-सामने टक्कर हो गई।
- हादसे की सूचना मिलते ही आपातकालीन सेवाएं तुरंत मौके पर पहुंचीं।
- राहत और बचाव कार्य शुरू कर घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।
- पांच घायलों को सेबोकेंग अस्पताल में भर्ती कराया गया।
- दो अन्य घायलों को कोपनॉन्ग अस्पताल ले जाया गया।
- बस चालक भी दुर्घटना में घायल हुआ और उसका इलाज चल रहा है।

### क्यों तैनात हुई काउंसलिंग टीम?

घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में अभिभावक मौके पर पहुंच गए। अपने बच्चों को खोने वाले माता-पिता फूट-फूटकर रोते नजर आए। प्रशासन ने परिजनों को ढांढस बंधाने और स्थिति संभालने के लिए काउंसलिंग टीम तैनात की है।

दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति रामाफोसा ने हादसे पर गहरा शोक जताया। उन्होंने कहा कि देश के बच्चे सबसे कीमती संपत्ति हैं और उनकी सुरक्षा के लिए सड़क नियमों और स्कूल परिवहन की गुणवत्ता पर सख्त ध्यान देना जरूरी है। शिक्षा मंत्री ने भी कहा कि स्कूल परिवहन से जुड़े कई हादसे चालक की लापरवाही के कारण होते हैं और ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई की जरूरत है।

पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और ट्रक चालक से पूछताछ की जा रही है। यह हादसा एक बार फिर बच्चों की सुरक्षित स्कूल यात्रा को लेकर गंभीर सवाल खड़े करता है।

## जर्मनी का तीन अरब यूरो का ईवी प्लान

## इलेक्ट्रिक कार खरीदारों को मिलेंगे 6,000 यूरो तक



**नई दिल्ली।** जर्मनी ने मांग को फिर से बढ़ाने, कम इनकम वाले खरीदारों को टारगेट करने और चीन से बढ़ते कॉम्पिटिशन के बीच कार बनाने वाली कंपनियों को सपोर्ट करने के लिए 3 अरब यूरो का ईवी सब्सिडी प्रोग्राम प्लान किया है।

जर्मनी ने इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बिक्री को फिर से रफ्तार देने के लिए 3 अरब यूरो (करीब 27,000 करोड़ रुपये) का नया सब्सिडी कार्यक्रम पेश किया है। इसका मकसद न केवल ईवी की मांग को बढ़ाना है, बल्कि दबाव झेल रहे देश के ऑटोमोबाइल उद्योग को भी राहत देना है।

**करीब 8 लाख इलेक्ट्रिक कारों को मिलेगा समर्थन**

इस योजना के तहत लगभग 8 लाख इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद को प्रोत्साहन दिया जाएगा। सरकार का कहना है कि हाल के वर्षों में नीतियों में अचानक हुए बदलावों के कारण बाजार में अस्थिरता आई थी, जिसे अब स्थिर करने की कोशिश की जा रही है।

**खरीदारों को मिलेंगे 6,000 तक के अनुदान**

पहले की योजनाओं से अलग, यह नया प्रोग्राम खास तौर पर कम और मध्यम आय वर्ग के परिवारों पर केंद्रित है। पात्र खरीदारों को 1,500 यूरो से लेकर 6,000 यूरो तक की सब्सिडी मिलेगी। अनुदान की राशि वाहन के मॉडल, परिवार के आकार और आय स्तर के आधार पर तय होगी।

**2029 तक चलेगी योजना, 2026 से आवेदन मान्य**

सरकारी सहायता 2029 तक जारी रहेगी। हालांकि अंतिम ढांचे पर अभी कुछ संशोधन किए जा रहे हैं, लेकिन अधिकारियों ने साफ कर दिया है कि 1 जनवरी 2026 से की गई खरीद पर भी आवेदन को मान्यता मिलेगी। सब्सिडी के लिए ऑनलाइन पोर्टल मई में शुरू होने की उम्मीद है।

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY
غازی آباد ڈویلپمنٹ اتھارٹی

# 25 जनवरी को गाजियाबाद में मनाया जाएगा सोलहवां राष्ट्रीय मतदाता दिवस

## सुबह 11 बजे सभी कार्यालयों, बैंकों व शैक्षणिक संस्थानों में दिलाई जाएगी मतदाता शपथ

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सोलहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर 25 जनवरी 2026 को जनपद गाजियाबाद में व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में अपर जिलाधिकारी (वि/रा)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ भट्ट ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशों के क्रम में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पूरे उत्साह और गरिमा के साथ मनाया जाएगा।



उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा निर्धारित थीम "My India, My Vote" with the tagline "Citizen at the Heart of Indian Democracy" के अंतर्गत स्कूलों एवं शैक्षणिक संस्थानों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

इसके साथ ही 25 जनवरी को पूर्वाह्न 11 बजे समस्त शासकीय कार्यालयों, अधीनस्थ कार्यालयों तथा बैंकों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई जाएगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि कार्यक्रम के दौरान शामिल मतदाताओं को भी शपथ दिलाई जाए तथा आयोजन की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी कराई जाए। कार्यक्रम से संबंधित फोटो एवं वीडियो उसी दिन कार्यालय की ई-मेल आईडी adeo-gha@nic.in पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों से अपेक्षा की है कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने की भावना के साथ किया जाए।

# भाजपा नेता पृथ्वी सिंह के जन्मदिन पर 21 जनवरी को होगा कवि सम्मेलन

## 2016 से प्रतिवर्ष होता आ रहा है साहित्य उत्सव





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शिक्षाविद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता पृथ्वी सिंह कसाना के जन्मदिवस के अवसर पर भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन 21 जनवरी की शाम को किया जाएगा। समाधान शक्ति सामाजिक संस्था और साहित्य प्रोत्साहन समिति की तरफ से आयोजित ये कवि लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन में शाम 5 बजे से शुरू होगा। श्रीमहंत नारायण गिरी के सानिध्य में विश्व प्रसिद्ध शायर व कवि विजेंद्र सिंह परवाज, राजेश रेड्डी, अजहर इकबाल, अंकिता सिंह, आदिल रशीद, राहुल शर्मा, डॉ ज्योति उपाध्याय और राज कौशिक काव्य पाठ करेंगे।

संयोजक राज कौशिक एवं पप्पू पहलवान ने बताया कि भाजपा नेता पृथ्वी सिंह के जन्मदिवस पर कवि सम्मेलन कराने की शुरूआत 2016 से हुई थी। इस बार 11वें कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

# नशाखोरी नेटवर्क पर पुलिस का वार, एसयूवी गाड़ी से 36 किलो गांजा बरामद

## तीन तस्कर गिरफ्तार, उड़ीसा से एनसीआर तक फैला था मॉड्यूल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड की ओर से चलाए जा रहे नशाखोरी विरोधी अभियान में क्राइम ब्रांच को बड़ी सफलता मिली है। मधुबन बापूधाम क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एसयूवी गाड़ी से उड़ीसा का गांजा लेकर दिल्ली-एनसीआर में सप्लाई करने जा रहे तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों से 36 किलो अवैध गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी राहुल शर्मा, राहुल पुरी उर्फ मूसा उर्फ राजेश और अभय उर्फ गौरव लंबे समय से तस्करी में सक्रिय बताए जा रहे हैं। क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम की जांच में सामने आया कि यह गैंग उड़ीसा से माल मंगाकर हरियाणा के रास्ते दिल्ली-एनसीआर, गाजियाबाद और आसपास के जिलों में सप्लाई करता था।



### आरोपियों का अपराध इतिहास भी भारी

**करंट क्राइम :** पुलिस की जांच में आरोपियों पर दर्ज पुरानी आपराधिक पृष्ठभूमि भी सामने आई, जिसमें राहुल शर्मा – बुलंदशहर व हापुड़ में 9 मुकदमे राहुल पुरी उर्फ मूसा/राजेश – गौतमबुद्ध नगर व गाजियाबाद में हत्या, मारपीट व एनडीपीएस एक्ट के 11 मुकदमे हैं। तो अभय उर्फ गौरव एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज है। पुलिस के मुताबिक गैंग कई जिलों में सक्रिय नेटवर्क के साथ नशा सप्लाई करता था। जांच में आर्थिक लेन-देन व चैनल की भी जानकारी जुटाई जा रही है। बता दें कि नया वर्ष शुरू होते ही पुलिस कमिश्नरेट ने नशा व्यापार पर बड़ा शिकंजा कसा है। पिछले दो हफ्तों में कई प्रमुख कार्रवाइ हुई है। जिसमें साहिबाबाद में 25 लाख की अफीम बरामद कुख्यात कर तस्कर गिरफ्तार हुआ है। तो टीलामोड़ में नशीले इंजेक्शन के साथ युवक दबोचा गया। अधिकारी बताते हैं कि पुलिस अब केवल बरामदगी नहीं बल्कि पूरी सप्लाई चेन को ध्वस्त करने की रणनीति पर काम कर रही है। पुलिस कमिश्नर की रणनीति के तहत तस्करों की फाइनेंसिंग, लॉजिस्टिक्स, संपर्क सूत्र और ग्राहक बेस तक नेटवर्क को ट्रैक किया जा रहा है। पूछताछ में उड़ीसा, हरियाणा, दिल्ली और एनसीआर के कई लिंक सामने आने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस का दावा है कि अभियान ने नशाखोरी के कारोबार की रीढ़ पर चोट की है और आने वाले दिनों में और भी कड़ी कार्रवाई की तैयारी है।

# मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम की समय-सारिणी जारी

## दावे-आपत्तियां 6 फरवरी तक, अंतिम मतदाता सूची 6 मार्च को होगी प्रकाशित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन नामावलियों का विशेष पुनरीक्षण कार्य जनपद में संचालित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत सभी पदाभिहित स्थलों एवं मतदान स्थलों पर 06 जनवरी 2026 को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जा चुका है।

आदेश के अनुसार आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत दावे एवं आपत्तियां 06 फरवरी 2026 तक बीएलओ के माध्यम से प्राप्त की जाएंगी। प्राप्त दावों और आपत्तियों के निस्तारण के साथ ही वर्ष 2003 की मतदाता सूची से अनुपस्थित मतदाताओं को संबंधित बीएलओ द्वारा नोटिस वितरित किए जाएंगे, जबकि जीएलओ द्वारा नोटिसों की सुनवाई 27 फरवरी 2026 तक संपन्न कराई जाएगी। निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात निर्वाचन नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 06 मार्च 2026 को किया जाएगा। आदेश में समस्त विभागाध्यक्षों एवं कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि दावे एवं आपत्तियां प्राप्त किए जाने की अवधि के दौरान संबंधित बीएलओ से निर्वाचन संबंधी कार्य अनिवार्य रूप से कराए जाएं तथा औचक निरीक्षण के दौरान उनकी क्रियाशीलता की जांच भी सुनिश्चित की जाए।

इसके साथ ही बीएलओ को निर्देश दिए गए हैं कि वे दैनिक रूप से घर-घर भ्रमण कर अर्ह एवं छूटे हुए मतदाताओं से फॉर्म-6 प्राप्त करें तथा प्रतिदिन प्राप्त फॉर्मों को डिजिटलाइज करें। आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

# वीर रस कवि सम्मेलन के माध्यम से राष्ट्रबोध को सशक्त करेगा कृष्ण मित्र चैरिटेबल ट्रस्ट :हिमांशु लव

## महाकवि कृष्ण मित्र की स्मृति में ओजस्वी कवियों की गूंज से गूंजेगा गाजियाबाद





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कविवर कृष्ण मित्र चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा राष्ट्रीय महाकवि कविवर स्वर्गीय कृष्ण मित्र की स्मृति में 22 जनवरी 2026, बृहस्पतिवार को हिन्दी भवन, लोहिया नगर, गाजियाबाद में सायं 7 बजे वीर रस कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी समिति अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने अपने बयान में दी।

हिमांशु लव ने बताया कि इस कवि सम्मेलन में देश के वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित कवि अपनी ओजस्वी रचनाओं के माध्यम से राष्ट्रभक्ति और वीर रस का संचार करेंगे। सम्मेलन में डा० हरिओम पंवार, डा० विष्णु सक्सेना, तेजनारायण शर्मा, सर्वेश अस्थाना, दिनेश रघुवंशी, अनिल अग्रवंशी, शबीना अदीब, कविता तिवारी तथा राम भदावर जैसे ख्यातिलब्ध कवि काव्यपाठ करेंगे।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान स्वर्गीय कृष्ण मित्र द्वारा अंतिम समय एवं कोरोना काल में रचित कविताओं का संग्रह तुम बिन निर्मल तथा योगी योगेन्द्र पाल शर्मा द्वारा योग पर आधारित पुस्तक करो योग, रहो निरोग का विमोचन किया जाएगा। दोनों पुस्तकों का विमोचन उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के करकमलों से संपन्न होगा।

हिमांशु लव ने जानकारी दी कि विमोचन उपरांत पुस्तक तुम बिन निर्मल पर बालेश्वर त्यागी तथा पुस्तक करो योग, रहो निरोग पर सत्यकेतु सिंह द्वारा उद्बोधन दिया जाएगा। कार्यक्रम में गाजियाबाद लोकसभा सांसद अतुल गर्ग विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

उन्होंने बताया कि इस अवसर पर राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप, विधायक अजीत पाल त्यागी, विधायक संजीव शर्मा, विधान परिषद सदस्य दिनेश गोयल, पूर्व सांसद राज्यसभा डॉ. अनिल अग्रवाल, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल सहित अनेक जनप्रतिनिधि, साहित्यकार और समाजसेवी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा० हरिओम पंवार करेंगे।

समिति अध्यक्ष ने मीडिया से आग्रह किया कि वे इस साहित्यिक आयोजन को अपने समाचार पत्रों में स्थान दें और कार्यक्रम में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाएं। सभी पत्रकारों के स्वागत की व्यवस्था मुख्य द्वार पर की गई है।

# विधानसभा क्षेत्र-58 धौलाना में विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत मतदाता सुनवाई कार्यक्रम तय

## 18 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी, 13 जनवरी से शुरू होगी सुनवाई

**धौलाना (हापुड़)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद हापुड़ की विधानसभा क्षेत्र-58 धौलाना (आंशिक) में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अंतर्गत मतदाता सूचियों के शुद्धीकरण का कार्य कराया जा रहा है। इस क्रम में मतदाताओं की आपत्तियों, दावों एवं संशोधनों की सुनवाई के लिए 18 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को नामित किया गया है।

उप जिलाधिकारी / उप जिला मजिस्ट्रेट धौलाना द्वारा जारी कार्यालय आदेश के अनुसार, विधानसभा क्षेत्र-58 धौलाना के अंतर्गत आने वाले विभिन्न मतदान केंद्रों (बूथ संख्या 1 से 469 तक) के लिए सुनवाई स्थल एवं संबंधित अधिकारियों का निर्धारण कर दिया गया है।

प्रत्येक अधिकारी को निर्धारित बूथों के लिए नोटिस निर्गत कर मतदाताओं की सुनवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सभी नामित अधिकारी अपने-अपने निर्धारित क्षेत्रों में समयबद्ध रूप से मतदाता सूची से संबंधित कार्य पूर्ण कराएं, जिससे आगामी निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हो सके।



कार्यालय आदेश 13 जनवरी 2026 को जारी किया गया है, जिसके तहत धौलाना तहसील क्षेत्र सहित गाजियाबाद विकास प्राधिकरण एवं अन्य संबंधित कार्यालय परिसरों में सुनवाई की व्यवस्था की गई है।

# पार्षद विनय चौधरी ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

## चारों तरफ हो रहा चौमुखी विकास

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** बृज विहार वार्ड 68 के पार्षद विनय चौधरी ने क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता को बारीकी से परखा और संबंधित अधिकारियों व ठेकेदारों को सख्त निर्देश दिए। पार्षद ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



निरीक्षण के दौरान विनय चौधरी ने बताया कि वार्ड के सर्वांगीण विकास के लिए वे प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, ₹हमारा लक्ष्य बृज विहार को एक आदर्श वार्ड बनाना है। इसके तहत न केवल मुख्य सड़कों बल्कि हर चौराहे और बिजली के खंभों पर आधुनिक स्ट्रीट लाइटें लगवाई जा रही हैं, ताकि रात के समय स्थानीय निवासियों को अंधेरे और असुरक्षा का सामना न करना पड़े। पार्षद ने क्षेत्र में हो रहे सड़क और नाला निर्माण कार्यों का जायजा लेते हुए कहा कि वार्ड में इस समय चौमुखी विकास कार्य चल रहे हैं। जल निकासी की समस्या को दूर करने के लिए नालों का पुख्ता निर्माण कराया जा रहा है और जर्जर सड़कों का कायाकल्प किया जा रहा है।



उन्होंने स्थानीय लोगों से भी अपील की कि वे निर्माण कार्यों पर नजर रखें और कहीं भी कमी दिखने पर तुरंत सूचित करें।

इस अवसर पर स्थानीय निवासियों ने विकास कार्यों की गति पर संतोष व्यक्त किया और पार्षद के प्रयासों की सराहना की।

# इंदिरापुरम वार्ड 100 में 'डेवलपमेंट पार्ट-2' का आगाज

## पार्षद संजय सिंह ने पेश किया विकास का रिपोर्ट कार्ड

### सीएम ग्रिड योजना और सड़कों के नवीनीकरण से बदलेगी क्षेत्र की सूरत, 12 फरवरी से शुरू होंगे नए प्रोजेक्ट्स





**साहिबाबाद ,(करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के वार्ड 100 के पार्षद संजय सिंह ने क्षेत्र के कायाकल्प के लिए 'डेवलपमेंट पार्ट-2' के तहत चल रहे और आगामी विकास कार्यों का लेखा-जोखा जनता के सामने रखा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र का चहुंमुखी विकास उनकी प्राथमिकता है और मेनिफेस्टो के लगभग सभी वादे पूरे होने की कगार पर हैं। वार्ड में सड़कों के सुदृढ़ीकरण का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। गुलमोहर सड़क की पार्किंग टाइल्स और सड़क के नवीनीकरण के लिए विधिवत पूजा की जाएगी। गुलमोहर सड़क से गेट नंबर 5 के दूसरे साइड की सड़क का कार्य 12 फरवरी से शुरू होगा। 20 फरवरी से इस योजना के तहत सड़क, नाला और फुटपाथ निर्माण का बड़ा प्रोजेक्ट शुरू होने जा रहा है।

पार्षद ने बताया कि पंप जोगर्स पार्क, सेंट्रल पार्क और कॉटेज पार्क में कार्य प्रगति पर है। साथ ही सीआईएसएफ रोड पर ड्रेन लाइन डालने का काम भी तेजी से चल रहा है। जल्द ही 'कृष्णा वाटिका पार्क' के जीर्णोद्धार की योजना भी पाइपलाइन में है। जनता को समर्पित किए जा चुके कार्यों में शिप्रा मॉल के पीछे की सड़क व फुटपाथ, जोगर्स पार्क की बाउंड्री, सेमल पार्क की रंगाई और साया मॉल साइड गेट का निर्माण शामिल है। रेग्लिया हाइट्स में गंगा वाटर की आपूर्ति भी सुनिश्चित कर दी गई है। उन्होंने कहा कि सन टावर से सड़क तक सीवर लाइन बिछाना और शिप्रा मॉल के पीछे की सड़क को खोलना।

# मकर संक्रांति पर आंचल न्यास में मंदिर का शिलान्यास, गौमाता को लगाया गया 'छप्पन भोग'

## मंदिर का शिलान्यास राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सम्पर्क प्रमुख रामलाल ने किया







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर ढबारसी रोड स्थित 'आंचल न्यास' परिसर में एक भव्य आध्यात्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मंदिर का शिलान्यास, सामूहिक यज्ञ और गौमाता के लिए विशेष 'छप्पन भोग' कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मंदिर का शिलान्यास राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सम्पर्क प्रमुख रामलाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने आंचल न्यास के संचालक मुकेश कुमार जी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, मुकेश जी सुदूर पूर्व-उत्तर और मलिन बस्तियों के बच्चों को शिक्षा प्रदान कर उन्हें स्वावलंबी बनाने का पुनीत कार्य कर रहे हैं। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित जूना अखाड़ा के महामण्डलेश्वर यतींद्रानंद गिरी ने कहा कि भारत सनातन परंपराओं का देश है। न्यास के संचालक मुकेश कुमार ने संस्थान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आंचल न्यास विगत 18 वर्षों से समाज के सहयोग से अभावग्रस्त बच्चों को शिक्षा, व्यवहार और संस्कार देने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों को स्वावलंबी बनाकर उन्हें मुख्यधारा में स्थापित करना और संस्कृति को जीवित रखना ही न्यास का एकमात्र लक्ष्य है।

कार्यक्रम का कुशल संचालन प्रसिद्ध हनुमान कथावाचक अरविंद भाई ओझा ने किया। इस मांगलिक अवसर पर मुख्य रूप सेः आर. पी. माहेश्वरी (अध्यक्ष, आंचल न्यास), हरीश मित्तल (कोषाध्यक्ष), संजय गर्ग (कार्यक्रम संयोजक), दलबीर राघव, उदय वीर सिंह, शिखर गुप्ता और प्रचार प्रमुख संजय कुशवाह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।